www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:00 बजे
सूर्यास्त शाम 5:26 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-78 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • रविवार 23 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### विधायक ने किया बाबरी मस्जिद की नींव का एलान

**मुर्शिदाबाद|** तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में 6 दिसंबर को एक 'बाबरी मस्जिद' की नींव रखने का ऐलान किया है। इसके निर्माण में तीन साल का समय लगेगा और इस कार्यक्रम में विभिन्न मुस्लिम नेता भाग लेंगे। हुमायूं कबीर का कहना है कि 6 दिसंबर को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है, और यह मस्जिद उनके समुदाय की भावनाओं और सम्मान को प्रदर्शित करेगी, क्योंकि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा निवास करता है। इस घोषणा के बाद, भारतीय जनता पार्टी ने इसे टीएससी की तुष्टिकरण की राजनीति करार देते हुए कड़ी आलोचना की है, जबकि कुछ अन्य विपक्षी दल धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देते हुए इस कदम का समर्थन भी कर रहे हैं।

### जानबूझकर दबाया पटेल के योगदान कोः नड्डा

**नई दिल्ली|** दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका को याद करते हुए आरोप लगाया कि स्वतंत्रता के बाद चार दशकों तक कांग्रेस ने पटेल के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही वह नेता हैं जिन्होंने सरदार पटेल को सही सम्मान दिलाया है। कार्यक्रम में नड्डा ने '@150 यूनिटी मार्च' को हरी झंडी दिखाकर पटेल की जयंती का शुभारंभ भी किया।

### बेंगलुरु 7 करोड़ लूट में कांस्टेबल समेत 3 काबू

**बेंगलुरु|** बेंगलुरु पुलिस ने सात करोड़ की लूट केस में एक पुलिस कांस्टेबल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने लूटे गए सात करोड़ में से करीब पांच करोड़ रुपये भी बरामद कर लिए हैं। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लूट में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है। बंगलूरू पुलिस आयुक्त ने बताया कि लूट की इस घटना की जांच में 200 पुलिसकर्मी जुटे हैं। अब तक 5.76 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं और बाकी रकम का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इनमें इंफोसिस्टम्स का एक पुराना कर्मचारी और गोविंदपुरा पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस कांस्टेबल और लूट की घटना में शामिल एक अन्य शामिल है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerex-press@gmail.com पर भेजें।*

# ISI समर्थित हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़, पाक से लेने वाले 4 काबू

## तुर्की–चीन में बने हाईटेक हथियार पहले पाकिस्तान भेजे जाते, फिर ड्रोन से पंजाब में गिराए जाते थे

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ISI से जुड़ा एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। शनिवार को रोहिणी इलाके में ट्रैप लगाकर पुलिस ने चार तस्करों मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन को गिरफ्तार किया। इनके पास से तुर्की और चीन में निर्मित 10 हाईटेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जांच के मुताबिक इन हथियारों को पहले तुर्की और चीन से पाकिस्तान भेजा जाता था, फिर पाकिस्तान की जमीन से ड्रोन के जरिए पंजाब की सीमा में गिराया जाता था। वहां मौजूद रिसीवर इन्हें उठाते थे और यूपी तथा पंजाब के तस्करों के माध्यम से दिल्ली-NCR तक पहुंचाया जाता था। पुलिस का कहना है कि यह मॉड्यूल लॉरेंस



अजय, दलविंदर, रोहन और मनदीप इनकी गिरफ्तारी हुई है। -समर न्यूज़

बिश्नोई, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ जैसे खतरनाक गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करता था। हवाला नेटवर्क के जरिए पाकिस्तान में पैसा भेजा जा रहा था।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि इस मॉड्यूल का ऑपरेशन तरीका बेहद संगठित और हाई-फंडेड था। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी जा रही ये खेप सिर्फ आपराधिक गैंगों ही नहीं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा थी। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार ISI की सीधे तौर पर भूमिका सामने आना बेहद चिंताजनक संकेत है। पंजाब लिंक की पुष्टि तब हुई जब गिरफ्तार चार तस्करों में से दो के पंजाब निवासी होने का पता चला। इससे स्पष्ट है कि हथियारों की पहली डिलीवरी पंजाब की सीमा के आसपास ही की जाती थी। अब क्राइम ब्रांच इन आरोपियों के पूरे नेटवर्क की तहकीकात कर रही है और यह जानने की कोशिश में है कि उनका आईएसआई से रिश्ता कितना गहरा था। जांच दल यह भी पता लगाने में जुटा है कि भारत में किन-किन गैंगस्टरों, अपराधियों और संगठित गिरोहों तक ये हथियार पहुँच चुके हैं। मोबाइल लोकेशन, बैंकिंग रिकॉर्ड, विदेशी कनेक्शन और सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

पूरे रैकेट की फंडिंग कहां से की जा रही थी, इस मॉड्यूल में और कौन-कौन शामिल है, और क्या इनके तार किसी आतंकवादी या अलगाववादी संगठन से भी जुड़े हुए हैं। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और उनसे पूछताछ के लिए पुलिस उनकी रिमांड मांगेगी, ताकि इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की पूरी संरचना का पूर्ण खुलासा किया जा सके।

## मंधाना की हल्दी रस्म...



*क्रिकेट सुपरस्टार की प्री- वेडिंग की धूम...भारतीय क्रिकेट की सुपरस्टार स्मृति मंधाना की प्री-वेडिंग रस्में इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। अपनी सगाई की आधिकारिक घोषणा करने के बाद पलाश मुच्छल के साथ स्मृति की हल्दी सेरेमनी भी काफी धूमधाम से मनाई गई। संगीतकार पलाश संग 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहीं स्मृति की इस हल्दी सेरेमनी में टीम इंडिया की कई खिलाड़ी भी शामिल हुईं, जिन्होंने साथ मिलकर इस जश्न को और यादगार बना दिया।*



## तेजस कैश...परिवार हैदराबाद में, शव रविवार तक पहुंचने की संभावना

# नमन की शहादत से हिमाचल शोकाकुल

**समर न्यूज़ | कांगड़ा**

दुबई एयर शो के दौरान शुक्रवार दोपहर एक डेमो फ्लाइट के दौरान तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान को चला रहे भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर नमन सियाल का इस हादसे में निधन हो गया। नमन हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां क्षेत्र के पड़यालकड़ गांव के रहने वाले थे। घटना की खबर मिलते ही नमन के पैतृक निवास में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने X पर नमन सियाल का फोटो साझा करते हुए लिखा कि यह पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत दुखद क्षण है। उन्होंने कहा कि देश ने एक बहादुर, अनुशासित और राष्ट्र-सेवा को समर्पित बेटा खो दिया।



शुक्रवार को डेमो फ्लाइट के दौरान विमान क्रैश हुआ, इसे नमन उड़ा रहे थे। -समर न्यूज़

सीएम ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और नमन की बहादुरी को सलाम किया।

▪ **37 साल की उम्र में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान...** नमन मात्र 37 वर्ष के थे। दुर्घटना की सूचना गांव पहुँचते ही परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों में गहरा सदमा फैल गया। नमन अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनके पिता जगन्नाथ स्याल सेना से सेवानिवृत्त हैं और बाद में स्कूल प्रिंसिपल के पद से भी रिटायर हुए। नमन की पत्नी भी भारतीय वायुसेना में सेवाएं दे रही हैं। छह वर्षीय बेटी और एक बहन भी है, जो हमीरपुर में रहती हैं। नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा ने बताया परिवार से लगातार संपर्क बना हुआ है।

# 4 माह बाद यहां बोलने में संकोच नहीं होना चाहिएः धनखड़

## • संघ के मंच से पहली बार चार महीने बाद सार्वजनिक उपस्थिति

**एजेंसी | भोपाल**

चार माह के मौन के बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए। मंच भी ऐसा, जहां उनके हर शब्द का वजन कई गुना बढ़ जाता है आरएसएस का आयोजन, और मौका विचारक मनमोहन वैद्य की नई पुस्तक 'हम और यह विश्व' का लोकार्पण। धनखड़ ने भले विस्तृत खुलासे न किए हों, पूरे भाषण में उनके संकेत साफ दिखे-बिना नाम लिए "चार माह" की व्याख्या भी हो गई और कई अनकही बातें भी समझा दीं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि चार महीने बाद यहां बोलने में संकोच नहीं होना चाहिए।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आयोजन को संबोधित करते जगदीप धनखड़। -समर न्यूज़

▪ **इशारों में बड़ा संदेश...** 38 मिनट के संबोधन में वे पुस्तक पर केंद्रित रहे, लेकिन जगह-जगह बीते दिनों की ओर लौटते रहे। एक पर्ची उनके हाथ में पहुंचाई गई—फ्लाइट की सूचना। उन्होंने ठहरकर कहा, "मैसेज आ गया है लेकिन मेरा हालिया अनुभव यही बताता है कि कर्तव्य छोड़कर फ्लाइट नहीं पकड़ी जा सकती।" सभागार में यह लाइन किसी व्यंग्य की तरह गूंजी—सीधी कम, संकेतपूर्ण ज्यादा।

▪ **नैरेटिव पर तंज...** धनखड़ ने कई बार "नैरेटिव" शब्द दोहराया। उन्होंने कहा कि देश में एक संगठित कोशिश चल रही है संघ को लेकर भ्रम और झूठ फैलाने की। उन्होंने 2018 की घटना याद दिलाई, जब पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी नागपुर गए थे और विरोध के बीच एक लाइन में सबको शांत कर दिया था। धनखड़ ने मंच से घोषणा की कि वे अब आगे अपने सभी भाषण अंग्रेज़ी में देंगे। कारण भी उसी अंदाज़ में बताया-"जो लोग समझना नहीं चाहते, देश की छवि धूमिल करते हैं उन्हें मेरा मंतव्य तभी समझ आएगा जब मैं अंग्रेज़ी में बोलूं।" राष्ट्र, इतिहास और वर्तमान पर टिप्पणी करते हुए कहा-"जो सोया है उसे जगाया जा सकता है, लेकिन जागकर सोने वाले का कुछ नहीं किया जा सकता।" सीएए को लेकर फैलाए गए भ्रम पर भी उन्होंने कटाक्ष किया।

# महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की आजादी

## नए लेबर कोड... 29 पुराने कानूनों को मिलाकर बना नया ढांचा, 40 करोड़ कर्मचारियों को लाभ

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

देश में श्रम सुधारों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने चार नए लेबर कोड्स को शुक्रवार से लागू कर दिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया कि वेजेज, इंडस्ट्रियल रिलेशंस, सोशल सिक्योरिटी और ऑक्युपेशनल सेफ्टी से जुड़े ये चारों कोड अब पूरे देश में प्रभावी हो गए हैं। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे "कार्यबल के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने वाली बड़ी पहल" बताया।

इन कोड्स को 2020 में संसद से मंजूरी मिल गई थी, लेकिन राज्यों की तैयारी, तकनीकी बदलाव और प्रशासनिक समन्वय में समय लगने के कारण इन्हें लागू करने में लगभग पांच वर्ष का समय लगा। सरकार का दावा है कि नयी व्यवस्था का उद्देश्य श्रम कानूनों को सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है, ताकि देशभर के कामगारों को एक समान सुरक्षा और अधिकार मिल सकें।

नए वेजेज कोड के तहत देश के हर कार्यस्थल पर कर्मचारियों को समय पर न्यूनतम वेतन मिलने की गारंटी होगी। सभी युवा कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य किया गया है, जिससे उनकी सेवा शर्तों, कार्य समय और सुविधाओं को लेकर कोई भ्रम न रहे। महिलाओं को समान वेतन, सुरक्षित



कार्यस्थल, नाइट शिफ्ट की आजादी और मातृत्व लाभों का दायरा और व्यापक किया गया है। सरकार का अनुमान है कि इन सुधारों से करीब 40 करोड़ कामगार पहली बार औपचारिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आएंगे। सोशल सिक्योरिटी कोड के तहत 40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण मिलेगा। ग्रेच्युटी के नियमों में बदलाव करते हुए यह प्रावधान किया गया है कि कर्मचारी केवल एक वर्ष की सेवा के बाद भी ग्रेच्युटी के पात्र होंगे। ओवरटाइम भुगतान को दोगुना करने और जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए विशेष सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए गए हैं। एक बड़ा बदलाव गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को पहली बार श्रम ढांचे में शामिल करना है। अब ऐप-आधारित डिलीवरी व तकनीकी प्लेटफॉर्म से जुड़े लाखों कामगारों को भी सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। एग्रीगेटर कंपनियों को अपने वार्षिक कारोबार का 1–2% वेल्फेयर फंड में जमा करना होगा, जिसकी अधिकतम सीमा कुल भुगतान का 5% तय की गई है। यह फंड इन कामगारों के बीमा, दुर्घटना सहायता और अन्य कल्याण योजनाओं में उपयोग होगा। साथ ही घर से कार्यस्थल के बीच यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना को भी सेवा-संबंधी हादसा माना जाएगा। ऑक्युपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड के तहत यूनिवर्सल अकाउंट नंबर शुरू किया जाएगा।

# सम्राट के गृह मंत्री बनते ही पहले एनकाउंटर से शुरुआत

**पटना|** बिहार में नई सरकार के गठन होने के साथ ही पुलिस बदमाशों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई है। शुक्रवार की रात बेगूसराय में एसटीएफ और जिला पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में एनकाउंटर हुआ। इसमें एक कुख्यात घायल हो गया है। उस पर सरपंच के बेटे के मर्डर का आरोप है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र शालिग्राम और मल्हीपुर गांव के आसपास की है। घायल बदमाश तेघड़ा थाना क्षेत्र के बनहारा गांव के रहने वाले राजकिशोर राय का बेटा शिवदत्त राय (27) है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और कैश भी बरामद किया है। घायल का इलाज बेगूसराय के सिविल हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में चल रहा है। पुलिस उसकी हालत के बारे में अभी कुछ नहीं बता रही है। एसटीएफ को इनपुट मिला था कि फरार बदमाश शिवदत्त राय साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के मल्हीपुर के आसपास हथियार खरीदने आया है। एसटीएफ टीम वहां पहुंच गई। जिसके बाद स्थानीय थाना को सूचना दी गई।

▪ **पुलिस को देखते ही भागने लगे 6 बदमाश...**

*एसटीएफ और स्थानीय थाना की पुलिस इनपुट वाले जगह पर पहुंची, तो दो बाइक पर सवार 6 बदमाश पुलिस को देखते ही गोली चलाने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई तो एक गोली शिवदत्त राय की जांघ में लगी तो वह गिर गया। जबकि, अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

## हाईकोर्ट में करिश्मा के बच्चों के आरोपों पर प्रिया ने अदालत में रखे डिजिटल प्रमाण

# संजय कपूर की 30 हजार करोड़ की विरासत व वसीयत पर तकरार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के विशाल साम्राज्य पर चल रही



संजय कपूर

कानूनी लड़ाई में एक बार फिर नया मोड़ आया है। दिल्ली हाईकोर्ट में हुई ताज़ा सुनवाई में संजय की पत्नी प्रिया सचदेव कपूर और करिश्मा कपूर के बच्चों के बीच विरासत संबंधी विवाद और गहरा हो गया है।

करिश्मा कपूर के बच्चों ने अदालत में आरोप लगाया था कि संजय कपूर की वसीयत जाली है और इसमें अनियमितताएं की गई हैं। हालांकि प्रिया सचदेव की ओर से पेश वकीलों ने इन आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया। सुनवाई के दौरान करिश्मा की बेटी ने दावा किया था कि उनके कॉलेज की दो महीने की फीस जमा नहीं की गई। इस पर अदालत ने दोनों पक्षों को अनावश्यक विवादों से दूर रहने और मुख्य मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

फीस को लेकर लगे आरोपों के जवाब में प्रिया के वकील शैल त्रेहन ने कोर्ट में 95 लाख रुपये प्रति सेमेस्टर की फीस की रसीदें प्रस्तुत कीं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि संबंधित फीस पहले ही जमा की जा चुकी है और अगला भुगतान दिसंबर में होना है। इससे छात्रों की ओर से लगाए गए आरोपों का खंडन हो गया।

इसके बाद अदालत ने सुनवाई का फोकस वसीयत की प्रामाणिकता पर केंद्रित किया। प्रिया के कानूनी दल ने वसीयत तैयार होने की पूरी प्रक्रिया विस्तृत रूप से कोर्ट के सामने रखी। उनके अनुसार वसीयत का पहला ड्राफ्ट एडवोकेट नितिन शर्मा के लैपटॉप पर तैयार हुआ था, जिसकी पुष्टि मेटाडेटा, दस्तावेज़ इतिहास और स्क्रीनशॉट्स से की गई। शर्मा ने अदालत में अपना लैपटॉप पेश कर ड्राफ्टिंग प्रक्रिया का डिजिटल प्रमाण भी उपलब्ध कराया। बचाव पक्ष के अनुसार, संजय कपूर ने मार्च 2025 में वसीयत के मसौदे पर अपने सुझाव दिए थे और इसका अंतिम संस्करण भी उसी महीने तैयार किया गया था। यह जानकारी संजय के ट्रैवल रिकॉर्ड और फाइल मेटाडेटा से मेल खाती है।

वसीयत के हस्ताक्षरों को लेकर उठाए गए संदेहों पर भी प्रिया के पक्ष ने कड़ा जवाब दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि वही हस्ताक्षर करिश्मा कपूर और बच्चों द्वारा आरके फैमिली ट्रस्ट से 2 हजार करोड़ रुपये के लाभ के लिए पहले भी उपयोग किए गए थे, इसलिए हस्ताक्षर की वैधानिकता पर सवाल उठाना निराधार है। गवाहों नितिन शर्मा और दिनेश अग्रवाल ने भी हलफनामों के माध्यम से पुष्टि की कि उन्होंने वसीयत पर हस्ताक्षर होते हुए देखे हैं और दस्तावेज़ विधिवत रूप से तैयार किया गया था। डिफेंस ने यह भी बताया कि संजय की मृत्यु के तुरंत बाद दिनेश अग्रवाल ने वसीयत प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और विक्रेता ने 24 जून 2025 को वसीयत की मूल प्रति सौंप दी थी, जिसकी लिखित पुष्टि सभी संबंधित पक्षों ने की। प्रिया सचदेव की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि उन्होंने संजय की मौत के बाद बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल पर अब तक 1 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। मामले की सुनवाई जारी है और अगली तारीख 21 नवंबर तय की गई है, जिसमें इस विवाद पर कोर्ट आगे का रुख तय कर सकता है।



# तख्त श्री पटना साहिब से विशेष ट्रेन तख्त श्री केसगढ़ साहिब तक चलेगी

## राज्यमंत्री रवनीत बिट्टू का तख्त पटना साहिब कमेटी की ओर से धन्यवादः जगजोत सिंह सोही

दलजीत विक्की | पटना
समर न्यूज़

तख्त श्री पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगजोत सिंह सोही, वरिष्ठ मीत प्रधान लखविंदर सिंह, मीत प्रधान गुरविंदर सिंह, जनरल सेक्रेटरी इंद्रजीत, सेक्रेटरी हरबंस सिंह सहित पूरी कमेटी ने केंद्रीय रेल राज्यमंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू का विशेष धन्यवाद किया है, जिनके प्रयासों के कारण श्री गुरु तेज बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर तख्त श्री पटना साहिब से तख्त श्री केसगढ़ साहिब तक विशेष रेलगाड़ी चलाई जा रही है। बातचीत करते हुए सरदार जगजोत सिंह सोही ने कहा कि श्री गुरु तेज बहादुर साहिब जी और उनके अनन्य सेवकों भाई मती दास, भाई


जगजोत सिंह सोही

सती दास और भाई दियाला जी का 350 वां शहीदी दिवस देश-विदेश में संगतें बहुत श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश में केंद्र सरकार के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की सरकारों ने भी इस शताब्दी समारोह को मनाने के विशेष प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह रेल राज्यमंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के प्रयासों से रेलवे की ओर से तख्त श्री पटना साहिब से तख़्त श्री केसगढ़ साहिब तक विशेष रेलगाड़ी चलाई जा रही है, जो यूपी, बिहार और अन्य राज्यों से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को ट्रेन नंबर 03231 तख्त श्री पटना साहिब से शुरू होकर 25 नवंबर को तख्त श्री केसगढ़ साहिब श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगी।

जगजोत सिंह सोही ने यह भी बताया कि वापसी में ट्रेन नंबर 03232 उसी दिन 25 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब से चलकर तख़्त श्री पटना साहिब पहुंचेगी। उन्होंने संगतों से अपील की कि इस विशेष रेलगाड़ी का पूरा लाभ उठाएं और दोनों तख्तों सहित अन्य गुरुद्वारों के दर्शन के लिए इस विशेष सुविधा का उपयोग करें।

# स्कूल परिसर से 161 जिलेटिन छड़ें बरामद, प्रशासन में हड़कंप

## सल्ट क्षेत्र में बड़ी सुरक्षा चूक, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

समर न्यूज़ | अल्मोड़ा

जिले के सल्ट क्षेत्र में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को 161 जिलेटिन की छड़ें मिलने से प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य सुभाष सिंह को झाड़ियों में संदिग्ध पैकेट दिखाई दिए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

अपर उपनिरीक्षक दीवान अर्जुन बिष्ट और लोमेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे स्कूल परिसर को घेर लिया। इसके बाद ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों की बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वायड डॉग मौली और रैम्बो की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी में दो अलग-अलग स्थानों से कुल 161 जिलेटिन पैकेट बरामद हुए, जिन्हें सुरक्षित रूप से एकत्र कर सील पैक किया गया।


जिलेटिन छड़ें। - समर न्यूज़

पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड किया गया और मौके पर ही बरामदगी की फर्द तैयार की गई।

पुलिस ने घटना को गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए धारा 4(क) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 और 288 बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सबसे बड़ा सवाल यही है इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक स्कूल परिसर तक कैसे पहुंचा और किसने इसे यहां छिपाया। एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने कहा कि स्कूल की झाड़ियों में विस्फोटक मिला है, किसने रखा इसकी जांच जारी है। जल्द ही पूरा खुलासा किया जाएगा।

# डिजास्टर एक्ट का काम पूरा होने के बाद ही होंगे पंचायत चुनावः मुख्यमंत्री सुक्खू


सीएम सुक्खू सहित अन्य कांग्रेस नेता। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | ऊना

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को ऊना पहुंचे। उनके साथ प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल भी मौजूद रहीं। दोनों नेता यहां उपमुख्यमंत्री की बेटी के विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंचे। पुलिस लाइन झालेड़ा में हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री सुक्खू ने पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल डिजास्टर एक्ट लागू है, इसलिए उससे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजास्टर एक्ट का काम पूरा होने के बाद ही पंचायत चुनाव होंगे। इस संबंध में चुनाव आयोग को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग भी चुनाव आयोग से इस मुद्दे पर बातचीत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग की अपनी संवैधानिक भूमिकाएं हैं और सभी कार्य कानून के दायरे में रहकर ही किए जाएंगे। हाल ही में ऊना जिले में घटी घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना में सामने आई घटनाओं का संज्ञान ले लिया गया है। आने वाले दिनों में सरकार और सख्त कदम उठाने जा रही है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि हिमाचल में कानून व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की गुंडागर्दी या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सीएम धामी ने किया उत्तराखंड का नया राजनीतिक इतिहास पुस्तक का विमोचन


सीएम धामी पुस्तक का विमोचन करते हुए। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक जय सिंह रावत द्वारा लिखित पुस्तक उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास का विमोचन किया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत भी मौजूद रहे। सीएम धामी ने कहा कि किताबें पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने की जरूरत है और लोगों से अपील की बुके नहीं, बुक दीजिए। उन्होंने कहा कि एआई कितना भी विकसित हो जाए, किताबों का कोई विकल्प नहीं है। मुख्यमंत्री ने लेखक जय सिंह रावत को बधाई देते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद के 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा को तथ्यों, दस्तावेज़ों और विश्लेषण के आधार पर संकलित करना चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे लेखक ने उत्कृष्टता से प्रस्तुत किया है।

पांच भागों में विभाजित यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगी। सीएम धामी ने स्थानीय भाषाओं के संरक्षण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी भाषाओं के डिजिटलाइजेशन पर काम किया जा रहा है। उन्होंने घरों और विद्यालयों में अपनी बोली-भाषा के प्रयोग की अपील की और कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जाना चाहिए।

**श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस**

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस ने किए ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

**120 एकड़ में बनी पार्किंगों में 25 हजार वाहनों की होगी क्षमता, यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरिः ए एस राय**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी समागमों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पंजाब पुलिस ने व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन योजना लागू कर दी है। डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ट्रैफिक) ए एस राय ने बताया कि डीजीपी गौरव यादव के निर्देशानुसार संगत की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु यातायात को ध्यान में रखते हुए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। राय ने कहा कि समागम स्थल के आसपास 120 एकड़ में स्थापित विशाल पार्किंगों में करीब 25 हजार वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। ट्रैफिक व्यवस्था को अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया



डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ट्रैफिक) ए एस राय प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए। - समर न्यूज़

गया है, ताकि भीड़ के अनुरूप वाहनों की आवाजाही आसानी से संचालित की जा सके। इसके साथ ही मुख्य मार्गों से पार्किंगों तक पहुंच के लिए अतिरिक्त रास्ते, स्पष्ट साइनबोर्ड और रूट डायवर्जन भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि संगत की सुविधा पंजाब पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए कर्मचारी सेवा भावना से ड्यूटी देंगे। ट्रैफिक कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा और सभी सेक्टर इंचार्ज नियमित मॉनिटरिंग करते रहेंगे, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। यातायात प्रबंधन के अलावा, सभी रूटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जो वाहनों की निगरानी के साथ-साथ श्रद्धालुओं को आवश्यक सहायता भी प्रदान करेगा। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सहायता डेस्क तथा मेडिकल इमरजेंसी टीमें भी तैनात की गई हैं। इस मौके पर ए एस राय के साथ एडीजीपी एसएस परमार, डीआईजी निलंबरी जगदाले, डीआईजी डॉ. नानक सिंह, एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना और ट्रैफिक एडवाइजर डॉ. नवदीप अस्तीजा भी मौजूद रहे।

# सीएम योगी के निर्देश हर जिले में बनेंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर


सीएम योगी।

समर न्यूज़ | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अवैध घुसपैठ के मामलों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि वे अपने जिलों में रह रहे अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करें और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें। इसके साथ ही उन्होंने हर जिले में अस्थायी डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, जहां विदेशी नागरिकता वाले अवैध व्यक्तियों को आवश्यक सत्यापन पूरा होने तक रखा जाएगा।

# किडनी रोगों की बढ़ती चुनौती के बीच मरीजों को मिली नई उम्मीद

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों में सुपर स्पेशियलिटी और ट्रॉमा केयर के लिए एक विश्वसनीय नाम माने जाने वाले मैश-प्रोलाइफ हॉस्पिटल्स ने किडनी रोगों की बढ़ती चिंता को ध्यान में रखते हुए, क्षेत्र की प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. दीपाली कौशल को अपनी मेडिकल टीम में शामिल करके एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है और क्षेत्र के हजारों मरीजों के लिए एक नई उम्मीद का द्वार खोल दिया है, क्योंकि आज के समय में मधुमेह, रक्तचाप, तनाव, गलत आहार और पानी की कमी के कारण किडनी की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और इनका समय पर पता लगाना और इलाज कराना बेहद जरूरी है। एमडी (इंटरनल मेडिसिन) और डीएम (नेफ्रोलॉजी) की सर्वोच्च डिग्री प्राप्त डॉ. दीपाली कौशल 11 वर्षों के उत्कृष्ट नैदानिक अनुभव के साथ किडनी रोगों के इलाज में विशेषज्ञ हैं और वह लाखों मरीजों के लिए विश्वास, आशा और स्वास्थ्य लाभ की एक नई किरण हैं। उनके पास




जटिल से जटिल बीमारियों जैसे क्रोनिक किडनी डिजीज (CKD), एक्यूट किडनी इंजरी (AKI), ग्लोमेरुलर डिजीज, डायबिटिक नेफ्रोपैथी, रेसिस्टेंट हाइपरटेंशन, मूत्र मार्ग में संक्रमण, हीमोडायलिसिस, पेरिटोनियल डायलिसिस, पोस्ट रीनल ट्रांसप्लांट फॉलो-अप और कॉम्प्लिकेशन केयर, डायलिसिस के लिए वैस्कुलर एक्सेस, वैस्कुलर एक्सेस से संबंधित जटिलताएं, रीनल बायोप्सी और वंशानुगत और ऑटोइम्यून किडनी डिसऑर्डर के इलाज में अद्वितीय कौशल और अनुभव है और ये सभी सेवाएं मैश-प्रोलाइफ हॉस्पिटल को इस क्षेत्र में एक संपूर्ण नेफ्रोलॉजी केयर सेंटर बनाती हैं, जो मरीजों को एक ही छत के नीचे इलाज, परामर्श, जांच और मार्गदर्शन प्रदान करती है। अस्पताल में एक आधुनिक डायलिसिस यूनिट, संक्रमण नियंत्रण के अंतरराष्ट्रीय मानक, आईसीयू सुविधाएं, 24×7 आपातकालीन देखभाल, अनुभवी नर्सिंग स्टाफ और किडनी रोगों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई एक समर्पित उपचार प्रणाली डॉ. कौशल की विशेषज्ञता मधुमेह के कारण किडनी फेल्योर के इलाज में भी बेजोड़ है और वे वैज्ञानिक और धैर्यपूर्ण देखभाल के साथ प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप जैसी कठिन रक्तचाप की स्थिति वाले रोगियों का भी इलाज करते हैं और यह रोगियों के दीर्घकालिक किडनी स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे किडनी ट्रांसप्लांट के रोगियों के लिए विशेष सहायक हैं क्योंकि ट्रांसप्लांट के बाद की देखभाल - जैसे दवाओं की उचित निगरानी, संक्रमण से सुरक्षा, रक्तचाप और शुगर नियंत्रण - रोगियों के जीवन को बचाने और प्रत्यारोपित किडनी के जीवन को बढ़ाने के लिए आवश्यक है और डॉ. कौशल को इस क्षेत्र में वर्षों का अनुभव है। उनकी ओपीडी का समय सोमवार से शनिवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक निर्धारित है, जबकि रविवार को वे केवल पहले से बुक की गई अपॉइंटमेंट पर ही उपलब्ध होते हैं, ताकि हर मरीज को संतोषजनक समय और बेहतर मार्गदर्शन मिल सके लुधियाना-141116, मलेरकोटला रोड, गाँव गिल में स्थित मेस-प्रोलाइफ अस्पताल पहले से ही हड्डी रोग, स्त्री रोग, जनरल सर्जरी, हृदय देखभाल और आपातकालीन सेवाओं में अपनी पहचान बना चुका है, और अब डॉ. दीपाली कौशल की भागीदारी से नेफ्रोलॉजी विभाग में मानक भी ऊंचे हो गए हैं, और यह क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान है क्योंकि अब उच्च स्तरीय किडनी उपचार उनके पास, एक ही छत के नीचे, सुरक्षित, सटीक और समर्पित तरीके से उपलब्ध है, और इससे लोगों में किडनी स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता भी बढ़ेगी, जिससे कई लोगों की जान बच सकती है।

# पंजाब सरकार का नशे के खिलाफ अभियान, 49.96 करोड़ का नया एक्शन प्लान मंजूर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब को नशा-मुक्त बनाने के मिशन को नई गति देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार नशे की जड़ें काटने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।

पंजाब भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए 49.96 करोड़ रुपए के स्टेट एक्शन प्लान को मंजूरी दी गई। मंत्री ने बताया कि नशों के ख़िलाफ़ राज्य की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत तस्करी और सप्लाई चेन पर लगातार सख़्त कार्रवाई हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, जिला प्रशासन और लोक संपर्क सहित सभी विभागों को निर्देश दिया कि नशा-मुक्ति योजना को समयबद्ध तरीके से ज़मीन पर लागू किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024–25 में राज्य के 23 जिलों में 800 से अधिक जागरूकता


पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए बैठक करते हुए सीनीयर अधिकारी। - समर न्यूज़

कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 7.5 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मंत्री ने कहा कि यह जनभागीदारी सरकार के प्रयासों पर जनता का भरोसा दर्शाती है।

डॉ. कौर ने कहा कि नशे से प्रभावित परिवारों के लिए सरकार एक नया समग्र समर्थन मॉडल लागू कर रही है, जिसमें काउंसलिंग, रोज़गार-आधारित प्रशिक्षण, डी-एडिक्शन सेवाओं और सामाजिक पुनर्संयोजन को और मज़बूत किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप, निदेशक शेना अग्रवाल, नशा-विरोधी टास्क फोर्स के आईजी अक्शदीप सिंह औलख, जेल विभाग के आईजी आर.के. अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक सुधीर शर्मा ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

समर न्यूज़ | धर्मशाला

ग्राम पंचायत टंग नरवाना में लगभग पांच लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक सामुदायिक भवन का लोकार्पण धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने इस भवन को पंचायत के सामाजिक ढांचे को मजबूत करने वाला एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के लिए बहुउद्देश्यीय उपयोग का केंद्र बनेगा, जहां सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक गतिविधियों, महिला मंडलों की बैठकों और विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए एक सुसंगठित स्थान उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध



विधायक सुधीर शर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए - फोटो - समर न्यूज़

कराना उनकी प्राथमिकता है और यह भवन उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आधारभूत ढांचा न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि समाज को संगठित करने, युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने और पंचायत स्तर पर विकास की गति तेज करने में भी अहम योगदान देगा। विधायक सुधीर शर्मा ने टंग नरवाना पंचायत के लोगों को इस सुविधा के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने इस भवन के निर्माण और इसके लोकार्पण पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

**बेबाक-बोलवाणी** कांग्रेस के बोलेरो में सिमट जाने वाले जनादेश से बौखलाई पार्टी संवैधानिक संस्थाओं पर हमले कर रही

# राजभवन के बाहर प्रदर्शन करवाना शर्मनाक, दोषियों पर हो तुरंत कार्रवाईः ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजभवन के बाहर हुए कांग्रेस समर्थित प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का पुतला जलाने की घटना को कुंठा और सत्ता के संरक्षण में की गई अराजकता करार देते हुए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला है।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव में मिली करारी हार और कांग्रेस के "बोलेरो में सिमट जाने वाले जनादेश" से बौखलाई पार्टी अब संवैधानिक संस्थाओं पर हमले कर रही है। उन्होंने कहा कि इतनी सुरक्षित जगह पर बिना अनुमति प्रदर्शन होना और आगजनी का प्रयास करना गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या पुलिस और प्रशासन इतना असहाय हो गया है कि राजभवन जैसे संवेदनशील स्थल की सुरक्षा तक नहीं कर पा रहा उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि प्रदर्शन की अनुमति किसने दी, इतने लोग वहां तक पहुंचे कैसे, और रोकने में नाकाम अफसरों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। सीआईडी पर तंज कसते हुए कहा कि क्या एजेंसी


पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

विपक्ष की जासूसी और समोसा गिनने में ही व्यस्त है।

जयराम ठाकुर ने डीजीपी से बात कर दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि राजभवन की गरिमा पर हमला भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी, जरूरत पड़ी तो पार्टी सड़क पर उतरेगी। उन्होंने सरकार पर दोहरे मापदंड का भी आरोप लगाया सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के खिलाफ पोस्ट पर तुरंत एफआईआर, लेकिन राजभवन पर हमला होने पर सन्नाटा क्यों।

**नमन स्याल के बलिदान पर शोक व्यक्त**

जयराम ठाकुर ने तेजस विमान हादसे में वीरगति को प्राप्त विंग कमांडर नमन स्याल के निधन को हृदय विदारक बताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल के इस वीर पुत्र का बलिदान राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। देवभूमि की ओर से उन्हें शत–शत नमन। जयराम ठाकुर ने देश में चारों श्रम संहिताएं लागू होने पर इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और श्रमिकों के सम्मान का ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नए श्रम सुधार सरल, सुरक्षित और पारदर्शी कार्य वातावरण देने के साथ उद्योगों को भी गति देंगे, जिससे नए रोजगार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

www.summerexpress.in

# समर प्राइम 3

23 नवंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## मैं बोलूंगा तो...

### न्योते से बचने का पहाड़ी इलाज, जिल्हे इलाही को चढ़ा शादी-बचाओ बुखार!



समर न्यूज | शिमला

*हिमालय की चोटियों पर बर्फ़ भले जम जाए, पर पहाड़ी राजनीति में जो अंगार जलते हैं, वह किसी लावा पर्वत से कम नहीं। और इस बार पहाड़ों में एक नई 'महामारी' फैल गई,अचानक वाली राजनीतिक बीमारी। यह बीमारी बड़ी चालाक होती है। हिमाचल के जिल्हे इलाही को अगर ये बीमारी धर ले तो फिर क्या कहने। जिस दिन जनता के बीच जाना हो, फाइलें देखनी हों, या मंच पर भाषण देने हों, उसी दिन टेंशन पकड़ लेती है। और उधर किसी नेता के परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो तो फिर समझ सकते हैं!*

*जनता ने तो बीमारी का नया नाम रख दिया—"कार्यक्रम-शादी इनविटेशन विशेष फ्लू"। इस फ्लू की खासियत है कि यह जनता से दूरी रखता है, लेकिन सियासी मनमुटाव के करीब रहता है। डॉक्टरों का बयान भी बड़ा मासूम सा आया—" जिल्हे इलाही को आराम चाहिए।"*

*जनता बोली—"मरीज को शादी समागम से आराम चाहिए।"*

*कहीं से फुसफुसाहट आई कि बीमारी की जड़ में कोई बड़ा कार्यक्रम था, दरअसल सरकार में नंबर दो पर काबिज इस नेता की बेटी की शादी का समारोह था। अब पहाड़ों में तो शादी-ब्याह का मौसम आते ही पूरा गांव इकट्ठा हो जाता है, ढोल-नगाड़ों की गूंज से घाटियां भर जाती हैं। लेकिन राजनीति में यह सब उल्टा होता है—*

*"जितना समारोह, उतना तनाव,*
*जितनी खुशी, उतना सियासी चाव।"*

*कहते हैं कि दोनों बड़े नेता शुरुआत से ही 'मन के मेल' वाली स्थिति में नहीं थे। और जब किसी के यहां बेटी की शादी हो और दूसरे की राजनीतिक तबीयत ठंडी हो, तो फिर जो होता है, वह अब पूरे प्रदेश को पता है। कार्यक्रमों के रद्द होने से जनता में खुसर-पुसर शुरू—*

*"ये कैसी बीमारी है भाई,*
*जो जनता से ही दूरी भाई?"*

*सोशल मीडिया पर भी खूब चटखारे लगे। एक ने लिखा—*

*"बीमारी नहीं, पुरानी खुजली है सत्ता की!"*

*दूसरा बोला—"पहाड़ों में मौसम बदलता है, नेताओं की नीयत नहीं।"*

*इसी बीच किसी शायर ने मज़ा ही ले लिया—*

*"तबीयत अचानक बिगड़ी है या मन कहीं अटका है,*
*कार्यक्रमों में बुखार है, पर शादियों में सब पंगा है।"*

*अब डॉक्टर भी बेचारे क्या करें? राजनीति का इलाज तो उनके पास होता ही नहीं। उन्होंने वही कहा—आराम जरूरी है।*

*जनता ने तुरंत एक नया नुस्खा दे दिया—*

*"राजनीति की खटपट का जो इलाज ढूंढे,*
*उसे ही पहाड़ का असली वैद्य मानो।"*

*खैर, बीमारी क्या थी, जिल्हे इलाही किससे नाराज चल रहे हैं, ये बातें पहाड़ों में धुंध की तरह फैलती हैं, लेकिन सच अक्सर धूप के इंतजार में ही रहता है। मैं बोलूंगा तो बस इतना कहूंगाः*

*"इस बीमारी को दवा से नहीं, राजनीतिक समझदारी से ठीक किया जा सकता है।*
*और जहां समझदारी की कमी हो, वहां कार्यक्रम नहीं—बहाने रद्द होते हैं!" वाह रे! पहाड़*
*जहां बर्फ़ पिघलने में देर लगती है,*
*पर राजनीति तुरंत उबल जाती है!*

*#MainBolungaTo*
*#SummerExpress*
*#SummerNews*
*#HimachalPolitics*
*#BakwaasBulletin*

# सिस्टम की खामी, सेहत सेवाएं लोगों तक नहीं पहुंचतीं

## भाजपा विधायक डॉ. जनक राज बोले- हिमाचल में संसाधन और मानव बल दोनों की कमी

समर न्यूज | शिमला

मैं खुद दुर्गम क्षेत्र का रहने वाला हूं आज भी कई गांवों में परिस्थितियां बहुत खराब हैं। सिस्टम की खामी से सेहत सेवाएं लोगों तक नहीं पहुंचतीं। संसाधन और मानव बल दोनों की कमी है। बहुत से मरीज आज भी मार्गदर्शन के लिए उनके पास आते हैं। वह जितना संभव हो सके, उनकी मदद करते हैं। ये कहना है भाजपा विधायक एवं न्यूरो सर्जन डॉ. जनक राज का। पेश है समर न्यूज चैनल पर *मोहित शर्मा* के साथ बातचीत के मुख्य अंश।

डॉ. जनक राज ने बताया कि डॉक्टर रहते हुए वह केवल उन्हीं लोगों की मदद कर पाते थे जो उन्हें समय पर मिलते थे, लेकिन जब से उन्होंने सिस्टम में खामियां देखीं और महसूस किया कि व्यापक बदलाव की जरूरत है तब वह राजनीति में आए। राजनीति वह माध्यम है, जिससे बड़ा सुधार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी अच्छी तकनीक है, लेकिन यह लग्जरी सर्विस है। सरकार की जिम्मेदारी पहले आवश्यक सेवाएं देना है। लोकतंत्र में जनता के बड़े हित को सर्वोपरि रखना चाहिए। चुनिंदा लोगों की सुविधा के लिए प्राथमिकताएं नहीं बदलनी चाहिए। भरमौर विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं बेहद खराब स्थिति में हैं।



2005 में सभी सब-सेंटर भरे हुए थे, डॉक्टर और कर्मचारी तैनात थे। पिछले तीस सालों से भरमौर में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर का पद खाली है। भाजपा सरकार के समय भरमौर में नया अस्पताल बनाया गया था, जिसका 95 प्रतिशत काम पूरा था, छोटी मोटी जरूरतें थी, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने इसके लिए अब तक बजट जारी नहीं किया। प्राकृतिक आपदा के कारण सिरमौर में हुए नुकसान पर उन्होंने बताया कि उस समय विधानसभा सत्र चल रहा था। घटना के बाद वहां मोबाइल सिग्नल नहीं थे, इसलिए प्रशासन से संपर्क नहीं हो पा रहा था। सदन में भी उन्होंने राहत पहुंचाने की मांग उठाई। जब वह मौके पर पहुंचे तो सड़कें पूरी तरह टूट चुकी थीं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का वह व्यक्तिगत रूप से आभार प्रकट करते हैं, वे इस आपदा में वहां आए, पर सीएम ने दौरा नहीं किया और कई गलत आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए।

### विधानसभा में सत्ता पक्ष की ही बात नहीं सुनी जाती

उन्होंने बताया कि मणिमहेश यात्रा सुधारने का मुद्दा वह लगातार उठाते रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार से कोई आश्वासन नहीं मिला। यात्रा की तैयारियों की जो बैठकें होती हैं, उसमें हमें बुलाया तक नहीं जाता। उन्होंने बताया कि 2027 में वह दोबारा चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा में जब सत्ता पक्ष की ही बात नहीं सुनी जाती तो विपक्ष की क्या सुनी जाएगी। भाजपा में गुटबाजी कहना गलत है। भाजपा अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों वाली पार्टी है। यहां परिवारवाद नहीं चलता।

पूरा इंटरव्यू को सुनने के लिए स्कैन करें

# आठवां वेतन आयोग... क्या बंद होंगे डीए-एचआरए और टीए

▪ रिपोर्ट 2027 में आएगी, एरियर जनवरी 2026 से जोड़ा जाएगा, 1 करोड़ कर्मचारियों में बढ़ी बेचैनी

सुरेंद्र सिंह अंकुश | लुधियाना

केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए इसका टर्म्स ऑफ रेफरेंस जारी कर दिया है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि नया आयोग आधिकारिक रूप से बन चुका है। तीन सदस्यीय टीम की अगुवाई जस्टिस रंजना देसाई कर रही हैं, और आयोग को अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। अनुमान है कि 2027 के मध्य में इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी जाएगी।

इस बीच केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के बीच यह चिंता गहराने लगी है कि क्या 8वें वेतन आयोग के लागू होते ही महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता और यात्रा भत्ता बंद कर दिए जाएंगे? सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन भत्तों को लेकर अंतिम निर्णय कैबिनेट स्तर पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद ही लिया जाएगा।

### 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें कब लागू होंगी?




*सूत्रों के मुताबिक आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएंगी। रिपोर्ट भले ही 2027 में आए, लेकिन नई सैलरी का एरियर जनवरी 2026 से ही जोड़ा जाएगा। सबसे बड़ा सवाल अभी भी यही है कि कौन-कौन से भत्ते जारी रहेंगे और किनमें बदलाव हो सकता है।*

**▪ विशेषज्ञों का क्या कहना है...** *कई पेरोल विशेषज्ञों का मानना है कि DA, HRA, TA जैसे भत्तों को पूरी तरह खत्म किए जाने की संभावना बेहद कम है। जब तक 8वें वेतन आयोग की नई संरचना लागू नहीं होती, सभी भत्ते 7वें वेतन आयोग के हिसाब से ही चलते रहेंगे। महंगाई भत्ते (DA) की छह–छह महीने पर होने वाली बढ़ोतरी भी जारी रहेगी। फिलहाल DA 58% है, जिसे 1 जुलाई 2025 से लागू किया गया। अगली बढ़ोतरी 1 जनवरी 2027 को होनी है।*

**▪ आने वाले 18 महीनों में क्या होगा?**

*नेक्सीडम के पेरोल डायरेक्टर रामचंद्रन कृष्णमूर्ति बताते हैं कि आयोग को रिपोर्ट पूरी करने में लगभग 18 महीने लगेंगे। इस दौरान महंगाई सूचकांक में बदलाव के आधार पर DA में 3 बार बढ़ोतरी हो सकती है। यदि हर वृद्धि औसतन 3% मानी जाए, तो अनुमानित गणना इस प्रकार हो सकती है—वर्तमान DA: 58%, 6 महीने बाद: 61%, 12 महीने बाद: 64%, 18 महीने बाद: 67%। यह सिर्फ अनुमान है, वास्तविक बढ़ोतरी CPI पर आधारित होगी। 8वें वेतन आयोग को लेकर कर्मचारी उत्साहित भी हैं और चिंतित भी। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि भत्तों को पूरी तरह समाप्त करने की संभावना नहीं है। आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक तस्वीर साफ होगी, और अंतिम निर्णय कैबिनेट की मंजूरी पर निर्भर करेगा।*

## भारत के क्लाउड बूम के बीच चुनौती

# डेटा सेंटर तेजी से बढ़ रहे हैं, पानी कहां से आएगा



कमलेश शर्मा | मोहाली

भारत में डेटा सेंटर उद्योग अभूतपूर्व गति से विस्तार कर रहा है। गूगल का हालिया ऐलान—विशाखापत्तनम में अगले पाँच वर्षों में 15 अरब डॉलर निवेश के साथ 1 गीगावाट का एआई डेटा सेंटर—इस उभरते सेक्टर का सबसे बड़ा उदाहरण है। एडब्ल्यूएस, माइक्रोसाफ्ट, मेटा, रिलायंस, अडाणी और योटटा जैसी कंपनियाँ पहले ही अरबों डॉलर के साथ दौड़ में हैं। अनुमान है कि 2030 तक भारत की कुल डेटा सेंटर क्षमता 8–9 गीगावाट तक पहुँच सकती है। लेकिन इस तेज़ विस्तार के साथ एक गंभीर सवाल उठ रहा है—इन विशाल डेटा सेंटरों को ठंडा करने के लिए इतना पानी आएगा कहां से?

**▪ डेटा सेंटरः बिजली नहीं, पानी भी 'हाई-डिमांड' सेक्टर...**

*एआई और क्लाउड सर्विसेज पर आधारित नई पीढ़ी के डेटा सेंटर पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तुलना में 5–6 गुना अधिक बिजली और उससे भी ज्यादा कूलिंग रिसोर्स इस्तेमाल करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि1 मेगावाट डेटा सेंटर को हर साल करीब 2.55 करोड़ लीटर पानी चाहिए और भारत में अगले 5–6 साल में जो नई क्षमता आ रही है, वह कई हजार मेगावाट है। यानी अरबों लीटर पानी की अतिरिक्त मांग खड़ी होने वाली है। भारत पहले ही पानी की कमी से जूझ रहा है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार दुनिया की 18% आबादी भारत में रहती है। लेकिन विश्व के कुल मीठे पानी का सिर्फ 4% भारत के पास है। भारत दुनिया के सबसे पानी-तनाव वाले देशों में शामिल है। रिपोर्टों के मुताबिक,2025 में भारत के डेटा सेंटर 150 अरब लीटर पानी इस्तेमाल कर रहे थे। 2030 तक यह खपत दोगुनी से ज्यादा बढ़कर 358 अरब लीटर हो सकती है। इतनी बड़ी मांग, और वह भी ऐसे समय में जब कई शहर—चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, पुणे—पहले ही पानी के संकट से जूझ रहे हैं।*

**▪ एआई बूम ने पानी की जरूरत को और बढ़ाया...**

*एआई मॉडल—जैसे चैटबॉट, वीडियो-एआई, मल्टीलिंगुअल मॉडल को ट्रेन करने के लिए भारी कंप्यूटिंग पावर चाहिए। योटटा इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ सुनील गुप्ता कहते हैं, एआई डेटा सेंटर सबसे ज्यादा संसाधन मांगते हैं। उन्हें सिर्फ पावर नहीं, लगातार और बड़े स्तर पर कूलिंग भी चाहिए। इस कूलिंग में सबसे बड़ा इनपुट पानी है और भारत में आने वाले वर्षों में हजारों मेगावाट के एआई डेटा सेंटर बन रहे हैं।*

**▪ क्या कूलिंग का समाधान है...**

*भारत में कुछ कंपनियाँ योटटा, कंट्रोलएस और इक्यूनिक्स पानी की खपत घटाने के लिए एयर-कूल्ड चिलर सिस्टम का इस्तेमाल कर रही हैं। इसमें पानी एक बंद लूप में रहता है और नई सप्लाई की जरूरत कम होती है। लेकिन वैश्विक कंपनियाँ माइक्रोसाफ्ट, मेटा, गूगल, एडब्ल्यूएस अक्सर वॉटर-कूल्ड चिलर सिस्टम इस्तेमाल करती हैं, जो अधिक प्रभावी है पर पानी की खपत कई गुना बढ़ा देता है। गूगल ने दावा किया है कि वह 2030 तक अपने डेटा सेंटर में इस्तेमाल पानी का 120% "वॉटर रीप्लेनिशमेंट" द्वारा वापस करेगी। लेकिन इसकी विश्वसनीयता और व्यवहार्यता भारत जैसी पानी-कमी वाली अर्थव्यवस्था में सवालों के घेरे में है। सबसे जोखिम वाले शहर वही हैं, जहां डेटा सेंटर सबसे ज्यादा बन रहे हैं। मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली ये सभी शहर पानी की कमी वाले, जल-संकट के जोखिम वाले,जल-स्त्रोतों पर दबाव झेलने वाले जोन में आते हैं।विशाखापत्तनम में गूगल के प्रस्तावित 1 गीगावाइट डेटा सेंटर पर ह्यूमन राइट्स फोरम ने चेतावनी दी है कि इससे भूजल की कमी और बढ़ेगी।*

**▪ भारत के लिए नीति-स्तर पर सबसे बड़ी जरूरत...**

*विशेषज्ञों का कहना है कि डेटा सेंटर पॉलिसी 2025 में बिजली के साथ-साथ जमीन और पानी दोनों का संतुलन मुख्य मुद्दा होना चाहिए। क्योंकि बिजली की मांग तो देश की 500 गीगावाट क्षमता में समा जाएगी, लेकिन पानी की मांग स्थानीय स्तर पर शहरों को ठप कर सकती है। जेएलएल के रिसर्च डायरेक्टर जितेश कार्लेकर कहते हैं"चुनौती बिजली नहीं—पानी है। कूलिंग के लिए जरूरी पानी ही भविष्य की सबसे बड़ी बाधा बनेगा।" भारत का डेटा सेंटर बूम देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था का इंजन बन रहा है। लेकिन एआई-चालित डेटा सेंटरों की पानी पर निर्भरता एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर नीति-स्तर पर पानी की उपलब्धता, पुनर्भरण और वैकल्पिक कूलिंग सिस्टम को प्राथमिकता नहीं दी गई—तो डेटा सेंटरों की तेज़ रफ्तार भारत के कई शहरों की जल-सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल सकती है।*

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



*हंसी एक ऐसी अनमोल दवा है जो हर दर्द और हर मुश्किल को हल्का कर देती है। जीवन में चाहे कितनी भी चुनौतियां आएं, इंसान को उन्हें मुस्कुराते हुए स्वीकार करना चाहिए। हंसने से न केवल मन हल्का होता है, बल्कि मुश्किलों का सामना करने की ताकत भी बढ़ती है। जो लोग अपनी परेशानियों को खुद पर हावी होने देते हैं, वे अक्सर जीवन में आगे नहीं बढ़ पाते। इसलिए ज़रूरी है कि हम हर स्थिति में सकारात्मक रहें और मुस्कान के साथ आगे बढ़ें। मेरा संदेश है कि हंसते-हंसते जिंदगी जीनी चाहिए और अपने आसपास के लोगों में भी खुशी बांटनी चाहिए, क्योंकि खुशियां बांटनी से ही जीवन सुंदर और अर्थपूर्ण बनता है।*

**डॉ. गुरविंदर कौर एसएमओ**

## मोस्ट वॉन्टेड नक्सली या उनका नायक! हिड़मा की मौत पर बस्तर में शोक, सवाल-संघर्ष की नई बहस

एजेंसी | बस्तर

बस्तर के गहरे जंगलों में दशकों से सक्रिय रहे हिड़मा की मौत ने पूरे क्षेत्र को दो हिस्सों में बांट दिया है — सुरक्षा एजेंसियों की नजर में वह "मोस्ट वॉन्टेड माओवादी" था, जबकि बड़ी संख्या में आदिवासियों के लिए वह अपने जल-जंगल-जमीन की लड़ाई का प्रतीक बन चुका था।



उनकी मौत की खबर फैलते ही उनके गांव में माहौल मातम में बदल गया। वायरल वीडियो में उनकी मां सिर पकड़कर विलाप करती दिखती हैं और कई महिलाएँ उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त करती हैं। गांव के लोगों का कहना है कि पूरा समुदाय दुख में डूबा है। कई ग्रामीणों ने कहा कि उनका ग़म सिर्फ हिड़मा के लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए है जो इस संघर्ष में मारे गए। कई लोगों के अनुसार, हिड़मा सिर्फ अपने गांव के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में आदिवासी अधिकारों की बहस का प्रतिनिधि बन चुका था।

**▪ हिड़माः दो दशक गांव से दूर, लेकिन आदिवासियों के दिलों में करीब...** *गांववालों के अनुसार, हिड़मा बीस साल से अधिक समय में अपने परिवार से बहुत कम मिला और एक बार ही अपने घर आया। उनका कहना था कि वह कभी अपने लिए नहीं, बल्कि समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ रहा था। हिड़मा की मौत को लेकर कई ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि उन्हें वास्तविक मुठभेड़ में नहीं, बल्कि पकड़े जाने के बाद मारा गया। स्थानीय युवाओं का तर्क है कि हिड़मा जंगल की लड़ाई में माहिर था और उसके साथ आमतौर पर कई प्रशिक्षित लड़ाके होते थे। ऐसे में कम संख्या में मारे जाने की खबर पर वे संदेह जताते हैं।*

## 'ORS' नाम से बेचे जा रहे जूस, ड्रिंक्स और एनर्जी पेय तुरंत हटेंगे




समर न्यूज | नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने एक अहम आदेश जारी करते हुए देशभर में ऐसे सभी फूड और बेवरेज प्रोडक्ट्स को त तुरंत बाजार से हटाने का निर्देश दिया है, जिनके नाम या ब्रांड में 'ORS' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह निर्देश फल-आधारित पेय, रेडी-टू-सर्व ड्रिंक्स, एनर्जी ड्रिंक्स, इलेक्ट्रोलाइट पेय और अन्य समान उत्पादों पर लागू होगा। FSSAI ने स्पष्ट किया है कि कई कंपनियां अपने पेय पदार्थों के नाम में ORS शब्द का उपयोग कर रही हैं, जबकि पहले ही ऐसे उत्पादों में इस शब्द के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद ये प्रोडक्ट रिटेल दुकानों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर बड़ी संख्या में बिकते पाए गए।

प्राधिकरण ने अपने 14 अक्टूबर और 15 अक्टूबर के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी खाद्य उत्पाद चाहे वह फल आधारित हो, नॉन-कार्बोनेटेड हो या रेडी-टू-ड्रिंक—उसके ट्रेडमार्क, ब्रांड नेम या लेबल पर 'ORS' शब्द का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## अब यूजर्स अपनी पेमेंट हिस्ट्री को छुपा सकेंगे; प्राइवेसी होगी और मजबूत

# पेटीएम ने पेश किया नया हाइड पेमेंट फीचर

अक्षय जाधव | चंडीगढ़

फिनटेक प्लेटफॉर्म पेटीएम ने अपने ऐप में एक बड़ा अपडेट जारी किया है, जिसका उद्देश्य यूजर्स की प्राइवेसी को बेहतर बनाना है। कंपनी ने ऐप में हाइड पेमेंट नाम का नया फीचर लॉन्च किया है, जिसके जरिए उपयोगकर्ता अब अपनी पेमेंट हिस्ट्री को दूसरों से छुपा सकेंगे।




**▪ क्यों खास है यह फीचर...**

*अक्सर ऐसा होता है कि कई लोग अपना फोन परिवार, दोस्तों या ऑफिस के सहयोगियों के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में पेमेंट हिस्ट्री किसी को भी दिख जाना संभव होता है, जिसे हटाया या डिलीट भी नहीं किया जा सकता। पेटीएम का कहना है कि वह पहला यूपीआई ऐप है जो पेमेंट हिस्ट्री हाइड करने की सुविधा दे रहा है, जिससे यूजर्स की निजी लेनदेन की गोपनीयता सुरक्षित रहेगी।*

**▪ कैसे काम करता है पेटीएम का नया फीचर...** *पेमेंट हिस्ट्री ऐसे छुपाएँ। पेटीएम ऐप खोलें और बैलेंस एंड हिस्ट्री सेक्शन में जाएँ। जिस पेमेंट एंट्री को छुपाना चाहते हैं, उस पर लेफ्ट स्वाइप करें। सामने आए हाइड बटन पर क्लिक करें। कन्फर्म करने के लिए यस, हाइड पेमेंट चुनें। इसके बाद वह पेमेंट एंट्री आपकी मुख्य हिस्ट्री से गायब हो जाएगी।*

### छुपाई हुई हिस्ट्री को कैसे वापस दिखाएं

*फिर से बैलेंस एंड हिस्ट्री सेक्शन में जाएँ। ऊपर दाईं ओर मौजूद थ्री डॉट मेन्यू पर क्लिक करें। व्यू हिडन पेमेंट्स विकल्प चुनें। वेरीफिकेशन के लिए अपना यूपीआई पिन डालें। अब जिस पेमेंट को अनहाइड करना है, उसे लेफ्ट स्वाइप करके अनहाइड पर टैप करें। कुछ ही सेकंड में आपकी पेमेंट फिर से मुख्य हिस्ट्री में दिखने लगेगी।*

**▪ किसके लिए है यह फीचर उपयोगी?...**

*मोबाइल दूसरों को अक्सर देने वाले यूजर्स। साझा डिवाइस इस्तेमाल करने वाले लोग। निजी/संवेदनशील ट्रांजैक्शन्स को छिपाना चाहने वाले। अपनी वित्तीय गतिविधियों की प्राइवेसी बढ़ाना चाहने वाले। इस फीचर को यूजर्स द्वारा काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, क्योंकि यह डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में प्राइवेसी के एक नए स्तर को स्थापित करता है।*

# हरियाणा कांग्रेस में सख्ती, वरिष्ठ नेताओं के फोटो हटाने वालों पर जल्द होगी कार्रवाई

## पोस्टर से कुमारी शैलजा की तस्वीर हटाने का मामला गर्माया

**समर न्यूज़ | रोहतक**

अंबाला, हरियाणा कांग्रेस में अंदरूनी अनुशासन को लेकर कार्रवाई की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को अंबाला कैंट स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अनुशासन समिति की दूसरी बैठक आयोजित हुई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के फोटो पोस्टर से हटाए जाने जैसी घटनाओं पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्य, वरिष्ठ पदाधिकारी और कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। समिति ने स्पष्ट किया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले संबंधित नेताओं को समझाया जाएगा, लेकिन यदि वे सुधार नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेस वार्ता करते हुए। -समर न्यूज़

समिति के अध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने बताया कि हिसार और सिरसा से मिली शिकायतों की जांच के बाद उन नेताओं को चिन्हित कर लिया गया है, जिन्होंने कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेताओं के फोटो हटाए या उन्हें प्रचार सामग्री से गायब किया। इन लोगों को जल्द ही नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। ज्ञात हो कि हिसार में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा की तस्वीर पोस्टर से हटा दी गई थी। इस घटना के बाद पार्टी में नाराजगी बढ़ी और नई गठित अनुशासन समिति ने इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर उठाया। अंबाला की बैठक में सदस्य इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि ऐसी गतिविधियां न केवल अनुशासनहीनता हैं बल्कि पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। समिति ने ऐसे मामलों पर सख्त रुख अपनाने का ऐलान किया है, ताकि आगामी कार्यक्रमों में एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती बनी रहे।

# 12वीं के छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**समर न्यूज़ | बावल**

गांव सुठाना में 12वीं कक्षा के छात्र 18 वर्षीय नितिन ने बृहस्पतिवार रात घर में पंखे के हुक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नितिन पास के एक निजी स्कूल में पढ़ता था और अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की कुछ वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी और वह अपनी बड़ी बहन के साथ रह रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, पारिवारिक परेशानियों के चलते नितिन ने यह कदम उठाया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और बावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य अंदर नहीं थे। नितिन के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मामले की पूरी तफ्तीश की जा रही है और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। यह दुखद घटना ग्रामीण और प्रशासनिक समुदाय में शोक और चिंता का कारण बनी है।

# भिवानी की जैस्मिन लंबोरिया ने जीता विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक

## जैस्मिन का सपना लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाना

**समर न्यूज़ | भिवानी**

दिल्ली से सटे शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में भिवानी की स्टार बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश, हरियाणा और भिवानी जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है।

यह इस वर्ष उनका लगातार तीसरा गोल्ड मैडल है, जिसके साथ जैस्मिन ने एक ही वर्ष में तीन बार विश्व चैंपियन बनने का अनूठा रिकॉर्ड बनाया है। परिवार में खुशी का माहौल है।

जैस्मिन के पिता जयवीर सिंह, कोच और चाचा संदीप सिंह, प्रविंद्र और ताऊ महाबीर ने बताया कि जैस्मिन भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह इंग्लैंड के लिवरपूल और कजाकिस्तान में आयोजित विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी देश के लिए पदक



जैस्मिन लंबोरिया।

जीत चुकी हैं। परिजनों के अनुसार, उन्होंने अपने प्रत्येक प्रमुख मुकाबले में ओलंपिक मेडलिस्ट खिलाड़ियों को मात देकर यह उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

परिजनों ने बताया कि जैस्मिन का अगला लक्ष्य 2026 में होने वाले एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स हैं।

वहीं, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर देश का मान बढ़ाना उनका बड़ा सपना है, जिसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं। परिवार भी हर कदम पर उनका पूरा सहयोग दे रहा है।

जैस्मिन ने वर्ष 2016 में बॉक्सिंग की शुरुआत की थी। बेसिक ट्रेनिंग सीखने के बाद महज डेढ़ साल में उन्होंने पहली बार पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित कर दी थी। मात्र 9 साल के करियर में वह वर्ल्ड लेवल पर भारत, हरियाणा और भिवानी का नाम कई बार रोशन कर चुकी हैं।

बचपन में अपने चाचा संदीप और प्रविंद्र को बॉक्सिंग करते देखकर ही उनमें इस खेल के प्रति जुनून जागा और उनके मार्गदर्शन में ही उन्होंने मुक्केबाजी सीखी। आज उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि वह विश्व मुक्केबाजी कप में देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रचने में सफल हुई हैं।

# पलवल में 1.25 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण के काम की शरुआत

## पीएम-सीएम की फोटो पर कालिख पोतना कांग्रेस की ओछी हरकतः गौरव

**समर न्यूज़ | पलवल**

खेल मंत्री गौरव गौतम ने शनिवार को पलवल की राधेश्याम कॉलोनी में सवा करोड़ रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरमैन डॉ. यशपाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन पंकज विरमानी सहित पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि पलवल विधानसभा क्षेत्र को सुंदर और विकसित बनाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कई सौ करोड़ रुपए से कच्चे रास्तों को पक्का किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पलवल–अलीगढ़ जर्जर मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पलवल नागरिक अस्पताल को पचास करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक अस्पताल में बदला जा रहा है।

यहां मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लाइनपार क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने बताया कि पलवल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक स्टेडियमों का निर्माण कराया जा रहा है और मेट्रो लाने की दिशा में भी पहल जारी है। जेवर एयरपोर्ट के निकट खादर क्षेत्र में विकास को नए आयाम दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पलवल में भय और भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है और सुशासन को मजबूत किया गया है। विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**पीएम की फोटो पर कालिख पोतना ओछी हरकत**

प्रदेश में पीएम और सीएम के फोटो पर कालिख पोतने की घटनाओं पर खेल राज्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस की ओछी हरकत और बौखलाहट का नतीजा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदमे में है और लगातार अनर्गल आरोप लगा रही है।

वोट चोरी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी ईवीएम पर रोती है, कभी वोट चोरी का आरोप लगाती है। कल को ये कहेंगे कि भाजपा ने कांग्रेस को ही चोरी कर लिया। देश का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है और कांग्रेस हर प्रदेश में पिछलग्गू पार्टी बनती जा रही है। फरीदाबाद की अल्फलाह यूनिवर्सिटी की कथित आतंकी गतिविधियों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जांच में शामिल पाए गए हर व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई आरोपी पाताल में भी छिपेगा तो उसे पाताल से भी निकालकर लाएंगे। यहां नरेंद्र मोदी की सरकार है, किसी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा।

# करनाल की हवा हुई खराब, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

**समर न्यूज़ | करनाल**

शहर की हवा इन दिनों लगातार जहरीली होती जा रही है। शुक्रवार शाम तक करनाल का एयर क्वालिटी इंडेक्स 238 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। इसका सीधा असर सांस संबंधी रोगियों पर पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में रोज़ाना 250 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, जबकि एक सप्ताह पहले यह आंकड़ा 150 के आसपास था। इनमें करीब 25 प्रतिशत मरीज सीओपीडी से पीड़ित हैं। नागरिक अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सीओपीडी और अस्थमा के मरीजों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। हर दिन 40–50 नए सीओपीडी मरीज अस्पताल आ रहे हैं। सांस फूलना, तेज खांसी, बलगम बढ़ना और सीने में जकड़न जैसे लक्षण सबसे अधिक देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर बुजुर्ग, पुराने अस्थमा मरीज और धूल-धुएं में काम करने वाले लोग अधिक प्रभावित हैं।

# जींद मार्केट कमेटी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## सरकार किसानों और व्यापारियों की भलाई सर्वोपरि मानती हैः डॉ. कृष्ण मिड्ढा

**समर न्यूज़ | जींद**

जींद मार्केट कमेटी का भव्य और गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह डुल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिला प्रभारी मदनलाल गोयल भी उपस्थित रहे, जिन्होंने नई कमेटी को शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण के दौरान नवनियुक्त चेयरमैन मनीष गोयल, वाइस चेयरमैन हरिदास सैनी और सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का संकल्प दोहराया।

मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों और व्यापारियों की भलाई सर्वोपरि मानती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई मार्केट कमेटी जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर किसानों, व्यापारियों और आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए पारदर्शी, संवेदनशील और



मार्केट कमेटी के शपथ ग्रहण की फोटो। -समर न्यूज़

सतत प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित मार्केट कमेटी न सिर्फ क्षेत्रीय विकास को गति देगी बल्कि हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

डॉ. मिड्ढा ने कहा कि नई टीम का उत्साह, युवापन और सेवा भाव निश्चित रूप से मार्केट कमेटी को और अधिक सुदृढ़, जनहितकारी तथा विकास उन्मुख दिशा में आगे ले जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में मार्केट में पारदर्शी खरीद-फरोख्त, बेहतर बुनियादी ढांचा और किसानों के लिए सरल सुविधाएं सुनिश्चित होंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी मदनलाल गोयल ने भी नव-नियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि मार्केट कमेटी का मजबूत और सक्षम नेतृत्व क्षेत्र के आर्थिक ढांचे को मजबूती देगा।

# वायु प्रदूषण रोकने के लिए एंटी-स्मॉग से किया छिड़काव

## मशीनें रोजाना सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जा रही, हाईवे पर किया गया छिड़काव

**समर न्यूज़ | पलवल**

जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन ने एंटी-स्मॉग गन का उपयोग तेज़ कर दिया है। शनिवार को नेशनल हाईवे-19 पर ताऊ देवीलाल स्टेडियम के सामने एंटी-स्मॉग गन से हवा में पानी की बारीक बूंदों का छिड़काव किया गया।

जानकारी देते हुए अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एंटी-स्मॉग गन हवा में मौजूद धूल और प्रदूषित कणों को नीचे गिराने के लिए डिज़ाइन की गई मशीन है। यह पानी




एंटी-स्मॉग गन से छिड़काव करते हुए। -समर न्यूज़

को उच्च दबाव पर बेहद महीन बूंदों में बदलती है, जो हवा में उठे कणों को पकड़कर नीचे बैठा देती हैं। उन्होंने कहा कि यह मशीन कृत्रिम बारिश की तरह काम करती है और बड़े क्षेत्र में धूल कम करने में प्रभावी है। एंटी-स्मॉग गन का उपयोग निर्माण स्थलों, खनन क्षेत्रों, सड़क निर्माण और अत्यधिक धूल वाले इलाकों में किया जाता है।

इसे ट्रक या ट्रॉली पर लगाकर कहीं भी ले जाया जा सकता है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि पलवल शहर में जहां भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, वहां एंटी-स्मॉग गन लगाकर लगातार छिड़काव किया जा रहा है। ये मशीनें रोजाना सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जा रही हैं।

# ओलंपियन रवि दहिया का 30 को होगा विवाह

**समर न्यूज़ | सोनीपत**

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया जल्द ही विवाह बंधन में बंधेंगे, जिसकी तैयारियां जोर-



शोर से चल रही हैं। 29 नवंबर को उनकी सगाई होगी और अगले दिन यानी 30 नवंबर को शादी सम्पन्न होगी। इस शाही समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई पहलवानों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह कार्यक्रम और भी खास होने वाला है। रवि दहिया की दुल्हनिया का नाम रिचा है, जो सोनीपत जिले के बिलबिलान गांव की रहने वाली हैं। रिचा एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

# हथियारबंद बदमाशों ने रोकी स्कूल बस

**समर न्यूज़ | नारनौल**

नारनौल में स्कूल बस को रोककर हथियारबंद बदमाशों द्वारा धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एमएलएस डीएवी स्कूल की रूट नंबर 46 बस बच्चों को छोड़ने जा रही थी, तभी बिना नंबर प्लेट की सफेद बोलेरो में सवार युवकों ने बस को ओवरटेक कर जबरन रास्ता बंद कर दिया।

बोलेरो पर काले शीशे लगे होने के कारण अंदर बैठे लोगों की पहचान भी मुश्किल रही। बस चालक सुदेश और कंडक्टर रविदूत के अनुसार, बोलेरो से उतरे युवकों ने बस के सामने पिस्तौल तान दी और धमकी



दी कि इस क्षेत्र में स्कूल बस नहीं चलनी चाहिए, वरना परिणाम भुगतने पड़ेंगे। वारदात के समय बस में कई बच्चे मौजूद थे, जो अचानक हुए इस हमले से सहम गए। बस में चीख-पुकार और दहशत का माहौल बन गया। स्कूल प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि बस का रूट नारनौल से तोताहेड़ी, सिरोही बहाली, ढाणी बयावली, ढाणी भंडावली, मोहनपुर बाईपास और कालबा तक जाता है। उन्होंने इस घटना को बच्चों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए एसपी को औपचारिक शिकायत दी है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर दी और बोलेरो सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और वाहन की पहचान में जुटी है। स्कूल प्रशासन ने जिला पुलिस से रूट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है ताकि बच्चों की आवाजाही सुरक्षित रह सके। लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के बीच इस वारदात ने अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है।

# हरियाणा सरकार ने पांच आईपीएस अफसरों को डीआईजी प्रमोट किया

## नई जिम्मेदारियों से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

चंडीगढ़, हरियाणा सरकार ने पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव करते हुए पांच आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, सभी पांच अधिकारियों को उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। इस निर्णय को पुलिस बल की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया अहम कदम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, जिन अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है, उनमें आईपीएस मनीषा चौधरी, आईपीएस अभिषेक जोरवाल, आईपीएस राजिंदर कुमार मीणा, आईपीएस मनबीर सिंह और आईपीएस विरेंद्र विज शामिल हैं। ये अधिकारी अब नई जिम्मेदारियों के साथ डीआईजी स्तर पर अपनी सेवाएं देंगे। अधिकारियों के लिए यह पदोन्नति न व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है।

सरकारी आदेश के मुताबिक, पदोन्नत अधिकारियों को शीघ्र ही उनके नए कार्यक्षेत्रों में तैनाती दी जाएगी। गृह विभाग के अनुसार, इन पदोन्नतियों से पुलिस प्रशासन में नेतृत्व एवं निगरानी क्षमता बढ़ेगी, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति को और अधिक प्रभावी ढंग से संभाला जा सकेगा।

हरियाणा में पिछले कुछ वर्षों में पुलिस विभाग में कई बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनका उद्देश्य पुलिसिंग को पारदर्शी, मजबूत और आधुनिक बनाना है। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि नई पदोन्नतियां युवा और अनुभवी आईपीएस अधिकारियों को नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ने का अवसर देंगी। प्रमोशन पाने वाले सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। चाहे वह अपराध नियंत्रण हो, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट या सामुदायिक पुलिसिंग। अब डीआईजी स्तर पर उनकी नई जिम्मेदारियों से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होने की उम्मीद है। सरकार का यह निर्णय पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने और नेतृत्व संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है। जल्द ही इन अधिकारियों के विभागीय पदस्थापन आदेश भी जारी किए जाएंगे, जिसके बाद वे अपने नए दायित्वों का कार्यभार संभालेंगे।

**हरिवुड**

## ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में फिल्माए जाएंगे फिल्मी दृश्य

# सोहेल खान बनाएंगे फिल्म हरियाणा की धरती पर

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा एक बार फिर बड़े पर्दे पर चमकने को तैयार है। बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता सोहेल खान अपनी अगली फिल्म की शूटिंग व्यापक रूप से हरियाणा की धरती पर करने जा रहे हैं। बीते दिन सोहेल खान के पारिवारिक मित्र व समाजसेवी करण गिल्होत्रा, सोहेल ख़ान स्वयं, और उनकी प्रोडक्शन टीम के प्रमुख सहयोगी विक्रम चोपड़ा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाक़ात कर आगामी प्रोजेक्ट की रूपरेखा साझा की। इस मुलाकात के दौरान टीम ने मुख्यमंत्री को फ़िल्म की कहानी, शूटिंग लोकेशन्स और हरियाणा की संस्कृति को सिनेमाई रूप में प्रस्तुत करने की योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया।बताया जा रहा है कि फिल्म के अधिकांश दृश्य हरियाणा के ग्रामीण और शहरी




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ अभिनेता सोहेल खान। -समर न्यूज़

दोनों इलाकों में फिल्माए जाएंगे, ताकि प्रदेश की असल पहचान और सौंदर्य को पर्दे पर उतारा जा सके। टीम ने कहा कि हरियाणा के वातावरण, परिवेश और सरकारी सहयोग ने इस प्रोजेक्ट को यहां शूट करने का निर्णय और अधिक मजबूत किया है।

वार्ता के दौरान सोहेल खान और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में मिल रहे सकारात्मक माहौल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रशासन के कार्यकाल में फिल्ममेकर्स के लिए खुला और सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार हुआ है, जिससे प्रदेश में शूट करने वाली प्रोडक्शन कंपनियों को अत्यंत सुविधा मिल रही है। इस मौके पर करण गिल्होत्रा ने विशेष रूप से सुरक्षा, प्रशासनिक मदद और शूटिंग अनुमतियों में मिल रही आसानी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी हरियाणा में फ़िल्म उत्पादन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि प्रदेश न सिर्फ़ किसानों और खिलाड़ियों की भूमि है, बल्कि अब फ़िल्म निर्माण का उभरता केंद्र भी बनने जा रहा है। उन्होंने टीम को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। हरियाणा में होने वाली यह शूटिंग न सिर्फ़ प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगी, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी बड़े अवसर लेकर आएगी।

# शिमला में एसएफआई का राज्य सरकार पर हमला, छात्र विरोधी फैसलों के खिलाफ निकाला गया मार्च

## एसएफआई ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर सरकार को घेरा

संजू चौधरी -शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने सहित विभिन्न छात्र विरोधी फैसलों के खिलाफ छात्र संगठन एसएफआई ने सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने शुक्रवार को शिमला में पंचायत भवन से लोअर बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक 'शिक्षा बचाओ महारैली' निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। एसएफआई ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें जल्द नहीं मानीं, तो आने वाले समय में विधानसभा घेराव किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज खोलने और SCA चुनाव बहाली की मांग छात्र संगठन ने सरकार से बंद किए गए स्कूलों और कॉलेजों को पुनः खोलने, और लंबे समय से रूके हुए SCA छात्र संघ चुनावों की बहाली की मांग की है। SFI ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करते हैं, इसलिए इन्हें रोकना छात्र अधिकारों का हनन है। ERP सिस्टम की खामियों व PTA में भ्रष्टाचार पर सवाल संगठन ने राज्य के शिक्षण संस्थानों में लागू ERP सिस्टम की तकनीकी खामियों को दूर करने की अपील की। साथ ही PTA भर्ती प्रक्रिया में हो रहे भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग उठाई गई। रोजगार पर सरकार को घेरा, एक लाख नौकरी का वादा याद दिलाया। एसएफआई ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर सरकार को घेरा। छात्र संगठन ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सरकार ने एक लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन अब तक युवाओं को प्रतीक्षित अवसर नहीं मिले हैं। एसएफआई ने बताया कि इन सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा शिमला में शुरू हुए 38वें वार्षिक सम्मेलन में की जाएगी, जिसमें आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।



शिक्षा बचाओ महारैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। - समर न्यूज़

# 3 साल का जश्न नहीं सरकार को करना चाहिए आत्मचिंतन, युवाओं के वादे अधूरे: भारद्वाज

## भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रोहित ने कहा : जश्न से पहले हिसाब दे सरकार

समर न्यूज़ | सोलन

पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश की सुखु सरकार पर युवाओं के साथ वादों के अनुरूप व्यवहार न करने के आरोप लगातार बढ़ते रहे हैं। सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में युवाओं को हर साल एक लाख रोजगार देने का जो बड़ा वादा किया था, वह ज़मीन पर कहीं दिखाई नहीं देता।

आरोप है कि तीन साल में एक लाख तो दूर, 30 हज़ार नौकरियां भी युवाओं को उपलब्ध नहीं करवाई गईं। इससे नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं में गहरा असंतोष है।

रोहित ने कहा भर्तियों में देरी और पारदर्शिता पर सवाल कई विभागों में भर्तियाँ लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। लिखित परीक्षाएँ, परिणाम तथा नियुक्ति प्रक्रियाएँ अक्सर विलंब से चल रही हैं।



भाजपा युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज।- समर न्यूज़

इससे युवाओं में यह धारणा बनी कि सरकार रोजगार निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है। कुछ भर्ती बोर्डों और विभागीय परीक्षाओं पर पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठे, जिससे विश्वास और कमजोर हुआ। चुनावी गारंटी पूरी न होने की नाराज़गी सरकार ने युवाओं के साथ-साथ आम जनता के लिए भी कई वादे किए थे-जैसे 1500 रुपये प्रतिमाह महिलाओं के लिए, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को मजबूत करना आदि। परंतु कथित रूप से इनमें से कई गारंटियाँ समय पर पूरी न होने से जनता में असंतोष बढ़ा है। रोहित ने कहा युवाओं का मानना है कि सरकार की प्राथमिकताओं में उनका हित लगातार पीछे रहा।

जश्न बनाम आत्मचिंतन का सवाल सरकार अपने तीन वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाने मंडी जा रही है, जिसे विरोधी और असंतुष्ट युवा "दुर्भाग्यपूर्ण" बता रहे हैं। उनका कहना है कि उत्सव मनाने से अधिक ज़रूरी है कि सरकार पिछले तीन वर्षों का आत्मचिंतन करे और स्वीकार करे कि वह जनता-खासकर युवाओं-के विश्वास पर खरा उतरने में विफल रही है।

# विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने ठियोग के व्यापारियों से संवाद कर जानीं उनकी दिक्कतें

समर न्यूज़ | शिमला

एआईसीसी सदस्य और ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने व्यापार मंडल ठियोग एवं नगर परिषद ठियोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर स्थानीय व्यापारियों के साथ विस्तृत और सार्थक संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ठियोग बाज़ार का विकास केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे उपमंडल की आर्थिक प्रगति की धुरी है। उन्होंने बताया कि इसी दृष्टि से क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर ठियोग को आधुनिक और व्यवस्थित व्यापार केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राठौर ने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता में सुधार, प्रभावी जल निकासी प्रणाली, यातायात जाम से राहत और ग्राहकों के लिए सहज वातावरण तैयार करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ होने से स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी और रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद जैसे स्थानीय निकाय, जो सीधे व्यापारी समुदाय से जुड़े हैं, उनके साथ निरंतर संवाद और समन्वय व्यापारिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राठौर ने बताया कि सभी संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर जोड़कर प्रशासनिक अड़चनों के त्वरित समाधान की दिशा में प्रयासों को गति दी जा रही है। कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि उनका लक्ष्य ठियोग को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित, सुविधाजनक और प्रगतिशील व्यापार केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समग्र उन्नति के लिए सभी आवश्यक कदम निरंतर और दृढ़ता से उठाए जाते रहेंगे।



विधायक राठौड़ को सम्मानित करते व्यापार मंडल के सदस्य। - समर न्यूज़

# बिलासपुर में रिमोट कंट्रोल लाइफ बॉय तकनीक शुरू, जल बचाव तेज़ हुआ

शुभम ठाकुर | बिलासपुर
समर न्यूज़

कुंभ में सफल परीक्षण के बाद अब बिलासपुर गृह रक्षा विभाग ने भी अत्याधुनिक रिमोट कंट्रोल लाइफ बॉय तकनीक को अपनी कार्यप्रणाली में शामिल कर लिया है। नया उपकरण बिलासपुर पहुंच चुका है और परीक्षण के बाद इसे जल तरंग जोश महोत्सव में प्रयोग किया जा रहा है।

गृह रक्षा विभाग के कमांडेंट सुशील कुमार ने जानकारी दी कि यह रिमोट संचालित लाइफ बॉय पानी में डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित किनारे तक लाने में सक्षम है। इसकी रेंज लगभग एक किलोमीटर है और इसमें उच्च गुणवत्ता वाला कैमरा भी लगाया गया है, जिससे ऑपरेटर दूर से ही पूरी स्थिति देख सकता है। यह उपकरण लगभग 45 मिनट तक लगातार चल सकता है। उन्होंने बताया कि पहले डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए थ्रो बैग का उपयोग किया जाता था। कई बार रस्सी की लंबाई कम होने पर यह मदद समय पर नहीं पहुँच पाती थी।

# मिनी मैराथन से दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

## एंटी चिट्टा वॉकथॉन आह्वान के बाद जिलेभर में नशामुक्ति के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित

समर न्यूज़ | शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के एंटी चिट्टा वॉकथॉन आह्वान के बाद जिलेभर में नशामुक्ति के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़गी, मशोबरा और जलोग में छात्रों व युवाओं को जोड़ते हुए मिनी मैराथन निकाली गई, जिसमें नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश दिया गया।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार नशे और चिट्टा के खिलाफ बड़े स्तर पर जन आंदोलन चला रही है और इसी कड़ी में जिला शिमला को पूरी तरह चिट्टा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में मिनी मैराथन, जागरूकता रैलियां और शपथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन गतिविधियों में स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।




नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश देते हुए छात्र। - समर न्यूज़

उपायुक्त ने कहा कि सरकार चिट्टा के खात्मे के लिए कड़े कदम उठा रही है, लेकिन यह लड़ाई तभी सफल होगी जब समाज का हर वर्ग आगे आए। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक जहर नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा पर चोट है। यह युवाओं के सपनों को नष्ट कर रहा है, परिवारों की खुशियां छीन रहा है और अपराध को बढ़ावा दे रहा है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल्द ही 100 एंटी चिट्टा वालंटियर नियुक्त किए जाएंगे, जिन्हें सरकार प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करेगी। ये वालंटियर समुदाय स्तर पर नशामुक्ति अभियान को मजबूत करेंगे और युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह मुहिम केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है और इसकी सफलता हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# सुकेती खड्ड से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

जिले के सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक व्यक्ति का अज्ञात शव सुकेती खड्ड से बरामद हुआ है। यह घटना विश्वकर्मा चौक के पास सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, सुकेती पुल के ऊपर से गुजर रहे कुछ लोगों ने पानी में एक शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सदर थाना टीम के साथ अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक ने नीले रंग की जीन्स, आसमानी रंग की स्वेटर और टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस को उसके चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि संभवत गिरने से उसकी मौत हुई होगी। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र 40–45 वर्ष के बीच बताई जा रही है और वह बाहरी राज्य का प्रतीत होता है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुलिस को एक पिट्ठू बैग भी मिला है।

# विपक्ष सदन में बात रखे, तथ्यों के साथ जवाब देगी सरकार: ठाकुर

संजू चौधरी | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के आगामी विंटर सेशन को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह सरकार के कार्यकाल का अब तक का सबसे बड़ा सत्र होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले हर मुद्दे का तथ्यों के साथ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्री रोहित ठाकुर ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे वॉकआउट की बजाय सदन के भीतर अपनी बात रखें, क्योंकि विधायी कार्यवाहियों पर जनता का बड़ा खर्च आता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध और प्रदर्शन का पूरा अधिकार है, लेकिन जनहित में जरूरी है महत्वपूर्ण चर्चा सदन के भीतर हो। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने विपरीत हालातों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार से मिली आर्थिक चुनौतियों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद प्रदेश सरकार



प्रेस वार्ता करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। - समर न्यूज़

विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। ठाकुर ने बताया कि पूर्व सरकार के समय राजस्व घाटा लगभग 10,000 करोड़ रुपये था, जो अब घटकर 3,000 करोड़ रुपये रह गया है। पुरानी पेंशन बहाली के बाद केंद्र सरकार ने राज्य की लोन सीमा में 1,600 करोड़ रुपये की कटौती की। एक्सटर्नल एडेड प्रोजेक्ट्स पर कैपिंग लग चुकी है और GST मुआवजा भी बंद हो गया है। इसके बावजूद सरकार विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ा रही है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में क्वालिटी एजुकेशन का स्तर कमजोर था। वर्तमान सरकार के सुधारात्मक प्रयासों से हिमाचल अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल हो गया है।

# हिमाचल में बढ़ता अपराध, सरकार को फेल बताकर भड़के विधायक जंबाल

शुभम ठाकुर | बिलासपुर
समर न्यूज़

सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जंबाल ने प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बिलासपुर सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऊना, सोलन, बद्दी और मुख्यमंत्री के गृह जिले तक अपराधों में तेजी आई है, जिससे प्रदेश की छवि धूमिल हुई है। जंबाल ने मंडी में तेजाब फेंककर महिला की हत्या की हालिया घटना को "हिमाचल के लिए शर्मनाक" करार दिया। "मंडी की घटना बेहद दर्दनाक, अपराध दर तेजी से बढ़ रहा है" विधायक ने कहा कि मंडी में हुई घटना सहित कई मामलों में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। विमल नेगी केस का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे



मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक त्रिलोक जंबाल। - समर न्यूज़

मामलों में नियंत्रण रखने में पूरी तरह असफल रही है। जंबाल ने दावा किया कि बिलासपुर जिले में माफिया राज फल-फूल रहा है। उन्होंने बताया कि एक साल में दो बार गोलियां चलीं, यहां तक कि पूर्व विधायक पर भी फायरिंग हुई। एक महिला का पर्स छीनने की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चोरी और लूट की वारदातें बढ़ रही हैं। विधायक का आरोप है कि नशा माफिया सरकार के संरक्षण में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ होती तो चिट्टा माफिया अब तक खत्म हो चुका होता। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ माफिया तत्व स्कूलों में जाकर चिट्टे के बारे में बातचीत तक कर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। त्रिलोक जंबाल ने कहा कि बिलासपुर पुलिस का काम केवल चालान काटने तक सीमित हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को कुछ किलोमीटर दूर घटनास्थल तक पहुंचने में दो से ढाई घंटे लग जाते हैं। सीसीटीवी कैमरों की स्थापना में देरी पर भी उन्होंने प्रशासन को घेरा।

# 4 दिसंबर को धर्मशाला में होगा बड़ा प्रदर्शन

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ सुक्खू सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सरकार अपने कार्यकाल का उत्सव मनाने में लगी है, जबकि जनता लगातार परेशानियों से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जश्न वास्तव में सरकार की नाकामियों को ढकने और जनता को भ्रमित करने की कोशिश है। डॉ. बिंदल ने कहा कि तीन वर्ष में सरकार किसी एक भी क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार नहीं कर पाई।

कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और अपराधों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाइयों व विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से मरीज भटक रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था भी अव्यवस्था के दौर से गुजर रही है, जहां स्कूलों में स्टाफ की कमी और सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दे आम हो गए हैं। उन्होंने सरकार की




प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल। - समर न्यूज़

आपदा प्रबंधन क्षमता पर भी सवाल उठाया। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और पुनर्वास कार्यों में सरकार की सुस्ती को लेकर बिंदल ने कहा कि हजारों प्रभावित परिवार आज भी सहायता और पुनर्निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार आपदाओं के वास्तविक नुकसान और राहत कार्यों को लेकर जनता को गुमराह कर रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बेरोजगारी को सरकार की सबसे बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि युवाओं के सामने रोजगार के अवसर लगातार कम हुए हैं। किसानों की समस्याओं को भी सरकार ने नजरअंदाज किया है, जबकि विकास कार्यों की गति पूरी तरह ठप पड़ चुकी है।बिंदल ने घोषणा की कि भाजपा आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सरकार की विफलताओं को जोरदार तरीके से उठाएगी। इसके साथ ही 4 दिसंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में सरकार के खिलाफ विशाल जनप्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार के खिलाफ जनता के रोष की अभिव्यक्ति होगा और भाजपा हर स्तर पर लोगों की आवाज बुलंद करेगी।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा जनता के बीच मजबूत विकल्प के रूप में उपस्थित होगी और सरकार की कमजोरियों को तथ्यात्मक आधार पर उजागर करती रहेगी।

# बस का टायर रोड में धंसने से छात्रा गड्ढे में गिरी

संजू चौधरी | शिमला
समर न्यूज़

शिमला के भट्टा कुफर चौक पर एक हैरान कर देने वाला हादसा टल गया, जब स्कूली बच्चों को लेने आई एचआरटीसी बस का अगला टायर अचानक सड़क में धंस गया। बस ऑकलैंड हाउस स्कूल के बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए आई थी। बस में चढ़ते समय अचानक सड़कों पर बने गहरे गड्ढे के कारण 8वीं कक्षा की छात्रा प्रियांशी उस गड्ढे में गिर गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत रस्सी की मदद से छात्रा को सुरक्षित बाहर निकाला। सौभाग्य से, प्रियांशी किसी तरह से घायल नहीं हुई और पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों और स्कूल प्रशासन ने कहा कि किसी बड़े जानी नुकसान से हादसा टल गया, और समय पर बचाव होने के कारण यह घटना महज डरावनी स्थिति तक सीमित रही। हादसे के बाद अधिकारियों ने गड्ढे की स्थिति का तुरंत जायजा लिया और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इसके साथ ही, बस की पूरी जांच की गई ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्कूल प्रशासन ने बच्चों और अभिभावकों को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी सड़क की मरम्मत और गड्ढों की पहचान कर उन्हें ठीक करने का आदेश दिया है। यह घटना बच्चों की सुरक्षा और सड़क परिवहन की सतर्कता पर ध्यान देने की आवश्यकता को फिर से रेखांकित करती है।



सड़क में टायर धसने वाली बस की तस्वीर। - समर न्यूज़

देखभाल

## उचित कांट-छंटाई से अधिकांश पेड़ इस बीमारी से बचाए जा सकते हैं

# बुली एफर्ड बीमारी से बचाने के लिए चंबा में सेब बागवानी सावधान

मंज़ूर पठान | चंबा
समर न्यूज़

चंबा जिले के पहाड़ी इलाकों में सेब के बगीचों को इस समय बुली एफर्ड नामक बीमारी से नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के मौसम में पेड़ों पर सफेद रुई जैसी परत बनकर यह बीमारी फैलती है, जिससे सेब के पेड़ धीरे-धीरे सूखने लगते हैं।

उद्यान विभाग ने बागवानों को समय रहते सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग के उप निदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि बीमारी से निपटने के लिए अक्टूबर के महीने से ही पेड़ों की कांट-छंटाई करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उचित कांट-छंटाई से अधिकांश पेड़ इस बीमारी से बचाए जा सकते हैं। डॉ. शाह ने कहा कि अगर पेड़ों में बीमारी अधिक फैल जाए, तो तब रासायनिक छिड़काव करना चाहिए। हालांकि अधिकांश मामलों में सही कांट-छंटाई और देखभाल से यह बीमारी नियंत्रित की जा सकती है। उन्होंने बागवानों से आग्रह किया कि वे उद्यान विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें और पेड़ों की नियमित निगरानी करें। विशेषज्ञों का कहना है कि जहां अधिक ठंड पड़ती है, वहां यह बीमारी हर साल देखने को मिलती है। इसलिए समय पर सावधानी और उचित देखभाल ही सबसे प्रभावी उपाय है। विभाग ने यह भी कहा कि अत्यधिक रासायनिक प्रयोग से बचना चाहिए, केवल तभी छिड़काव करें जब समस्या गंभीर हो। इस उपाय से बागवान अपने बगीचों में सेब के पेड़ों को स्वस्थ रख सकते हैं और उत्पादन में भी बढ़ोतरी सुनिश्चित कर सकते हैं।



सेबों के पेड़ों पर लगी सफेद रुई जैसी परत। - समर न्यूज़

# चोरों से आठ लाख के गहने सस्ते दाम में खरीदने वाले ज्वैलर को किया काबू

**▪ पुलिस ने ज्वैलर से एक सोने का हार, दो झुमके, गोल्ड पेंडेंट और चार अंगूठियां बरामद की**

समर न्यूज़ | पंचकूला



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने चोरी के मामले में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए उस ज्वैलर को गिरफ्तार किया है, जिसने चोरी के आरोपियों से गहने सस्ते दामों पर खरीदकर अपराध को बढ़ावा दिया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जनवरी को पंचकूला स्थित सेक्टर-10 चौकी में एक स्थानीय निवासी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उनका परिवार कुछ काम से बाहर गया हुआ था और घर लौटने पर पाया कि अलमारी के ताले टूटे पड़े थे तथा उसमें रखी ज्वैलरी और नकदी गायब थी। इस संबंध में थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने आधार पर दो आरोपियों संदीप कुमार उर्फ संजू और जगजीत सिंह उर्फ जग्गा को 3 नवंबर को गिरफ्तार किया। दोनो अंबाला के रहने वाले है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 7 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसके दौरान उनसे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने वारदात की पुष्टि की और पुलिस को 20 हजार रुपये नकद भी बरामद करवाया। दोनों ने बताया कि चोरी किए गए सोने के गहने उन्होंने विनय वर्मा पुत्र त्रिलोकीनाथ निवासी जिला अंबाला को बेच दिए थे।

इस खुलासे के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए 17 नवंबर को विनय वर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन उसे अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी ने अपने अंबाला स्थित घर से चोरी का सामान बरामद करवाया, जिसमें एक सोने का हार, दो सोने के झुमके, एक गोल्ड पेंडेंट और चार सोने की अंगूठियाँ शामिल हैं। जिसका वजन 61 ग्राम है, बरामद गहनों की कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को 20 नवंबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने इस अवसर पर आमजन को जागरूक करते हुए विशेष अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का सेकेंड हैंड सामान खरीदते समय उसकी रसीद, असली बिल, प्रमाण पत्र, विक्रेता की पहचान और सामान की वास्तविकता से संबंधित दस्तावेज अवश्य जांच लें। उन्होंने कहा कि चोरी, लूट या डकैती का सामान खरीदना न सिर्फ नैतिक रूप से गलत है, बल्कि कानूनन भी एक गंभीर अपराध है। बीएनएस की धारा 317 के तहत चोरी व ड़कैती का सामान खरीदने, रखने या छिपाने पर आजीवन कारावास और जुर्माने तक का प्रावधान है। उन्होंने दुकानदरों, ज्वैलर्स और ऑनलाइन/ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर सेकेंड हैंड सामान बेचने वालों को भी चेतावनी दी कि वे बिना वैध दस्तावेज के किसी भी वस्तु को न खरीदें और न बेचें।

डीसीपी क्राइम ने कहा कि चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त, अपराधियों के लिए प्रोत्साहन का काम करती है। यदि लोग ऐसे सामान को खरीदना बंद कर दें, तो चोरी और लूट जैसे अपराध कम हो जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि यदि कहीं उन्हें संदिग्ध गतिविधि या संदिग्ध खरीद-फरोख्त की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## गायिका असीस कौर का प्रणाम श्री गुरु तेग बहादुर जी गीत रिलीज



**मोहाली|** सोहाना के ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीदा सोहाना की प्रबंधक कमेटी की ओर से हिंद की चादर, धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत को समर्पित गायिका असीस कौर का धार्मिक गीत 'प्रणाम श्री गुरु तेग बहादुर जी' रिलीज़ किया गया। इस गीत की लेखनी, धुन और गायन स्वयं असीस कौर ने किया है। गीत का संगीत मिस्टर डॉप ने दिया है, जबकि वीडियो निर्देशन बॉबी बाजवा द्वारा किया गया है। गीत के प्रोड्यूसर और प्रेरणा स्रोत प्रसिद्ध समाजसेवी सरवजीत सिंह हैं, और इसकी प्रोडक्शन धीरज राजपूत ने की है। गीत के परिधानों (कॉस्ट्यूम) की डिज़ाइनिंग प्रसिद्ध डिज़ाइनर गुनित कौर द्वारा की गई है।इस गीत में असीस कौर ने "तिलक जंजू के रक्षक", हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और उनके सांझेवालता (सर्वधर्म समभाव) के संदेश को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है। गीत में बताया गया है कि जब औरंगज़ेब के अत्याचार चरम पर थे, धार्मिक कट्टरता के कारण पूरा हिंदुस्तान त्रस्त था और सनातन धर्म संकट में था-तब गुरु साहिब ने कश्मीर से आए पंडितों को धर्म की रक्षा का वचन देकर दिल्ली जाकर शहादत दी, जिसका ऋण पूरा हिंदुस्तान कभी नहीं चुका सकता।

# रग्बी टूर्नामेंट में हंगामाः अनक्वालिफाइड रेफरी के कारण खिलाड़ी आपस में भिड़े

**▪ कोचों का आरोप- 'बिना ट्रेनिंग वाले रेफरी से टूर्नामेंट बर्बाद', फाइनल मुकाबले भी अधूरे**


टूर्नामेंट के दौरान आपस में लड़ते खिलाड़ी। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा फरीदकोट में आयोजित 69वीं अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग की लड़कियों व लड़कों की रग्बी प्रतियोगिता उस समय विवादों में घिर गई, जब विभाग द्वारा लगाए गए अनक्वालिफाइड रेफरी की गलतियों के कारण खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। कोचों का आरोप है कि विभाग ने जिस अधिकारी को चयन व रेफरिंग का जिम्मा दिया, उसे खेल की उचित जानकारी नहीं थी। अधिकांश रेफरी न तो रग्बी की ट्रेनिंग लिए हुए थे और न ही उनके पास कोचिंग या रेफरी का प्रमाण-पत्र था।

बार-बार आपत्ति जताने के बावजूद विभाग ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया। परिणामस्वरूप, जिस टूर्नामेंट को 6 नवंबर से 9 नवंबर तक सम्पन्न होना था, उसे 11 नवंबर तक बढ़ाना पड़ा। गलत फैसलों के कारण खिलाड़ियों और कोचों के बीच आए-दिन बहसबाज़ी होती रही। हालात तब बिगड़ गए जब फरीदकोट और फाजिल्का के बीच अंडर-19 लड़कों का फाइनल मैच चल रहा था। रेफरी के लगातार गलत निर्णयों से दोनों टीमें आपस में भिड़ गईं और प्रतियोगिता रोकनी पड़ी।

यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक अंडर-14 लड़कों का फाइनल मुकाबला भी नहीं हो पाया, क्योंकि रेफरी की गलतियों के चलते पूरा शेड्यूल बिगड़ गया। अलग-अलग जिलों के कोचों ने आरोप लगाया कि खेल की जानकारी न होने की वजह से कई टीमों को अनुचित रूप से हराया गया। उन्होंने मांग की कि टूर्नामेंट क्वालिफाइड रेफरी व अनुभवी कोचों की निगरानी में दोबारा आयोजित किया जाए, या फिर खिलाड़ियों का पुनः ट्रायल लिया जाए। कोच हरजाप सिंह ने कहा कि यदि योग्य खिलाड़ियों का चयन नहीं होगा तो पंजाब राष्ट्रीय स्तर पर पदक नहीं जीत पाएगा। कोच जसप्रीत कौर के अनुसार, चयन उन्हीं खिलाड़ियों का होना चाहिए जिन्हें खेल की गहरी समझ हो। कोच गुरजिंदर सिंह ने पूरे मामले की जांच की मांग की और कहा कि पंजाब सरकार लाखों रुपयों का बजट टीमों को नेशनल भेजने में खर्च करती है, लेकिन बोर्ड की लापरवाही से पंजाब पदक नहीं ला पाता। यह पहला मामला नहीं है— 2024 में 68वीं स्कूल नेशनल हॉकी टीम को रांची भेजते समय कबड्डी की कोच को हॉकी टीम के साथ भेज दिया गया था। कोचों का कहना है कि विभाग की ऐसी लापरवाहियों के कारण पंजाब की खेल संस्कृति का स्तर लगातार गिर रहा है।

# पुलिस की साइबर सेल ने 132 मोबाइल लौटाए


असल मालिकों को मोबाइल लौटाती पुलिस। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला पुलिस की साइबर सेल ने इस साल 1 जनवरी से 15 नवंबर तक 132 खोए हुए मोबाइल ट्रेस कर असल मालिको को वापस लौटाए है। अगर बात करे नवंबर माह की, तो 1 से 15 नवंबर तक खोए हुए 10 मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को सुरक्षित रूप से सौंपे गए।

आज एसीपी विक्रम नेहरा ने इन 10 मोबाइल धारको से मुलाकात कर उनकी खुशी में शामिल हुए और कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा व विश्वास को बनाए रखना है।

मोबाइल वापसी पर मोबाइल धारको ने पंचकूला पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि हमे हमारा फोन बिना चक्कर काटे मिल गया साथ ही हमे पुलिस स्टॉफ द्वारा पूरा सहयोग मिला, पंचकूला पुलिस का बहुत-बहुत धन्यवाद।

एसीपी विक्रम नेहरा ने इस उपलब्धि का श्रेय साइबर सेल की पूरी टीम को दिया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, सब इंस्पेक्टर रामू स्वामी, सिपाही रजनीश, सिपाही पवन व टीम मे शामिल अन्य कर्मचारियो ने टीमवर्क के साथ मेहनत कर मोबाइल फोन को ट्रेस किया और सही मालिकों तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस की तत्परता और प्रयासों से इन लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर खुशी साफ झलक रही थी।

गुम या चोरी हुए मोबाइल को ट्रैक और ब्लॉक करने के लिए CEIR पोर्टल पर शिकायत कैसे करे, समझिए आसान भाषा में

अगर आपका मोबाइल फोन चोरी हो गया है या गुम हो गया है, तो घबराएं नहीं। भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल आपकी मदद के लिए एक प्रभावशाली ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। यह केंद्रीकृत प्रणाली गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने और ट्रैक करने में सहायक है, जिससे उसका दुरुपयोग रोका जा सके। सबसे पहले, अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराएं और FIR की कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें। इसके बाद आप ceir.gov.in पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर "Block Your Lost/Stolen Mobile" यानी "अपने खोए / चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक करें" का विकल्प चुनें।

इसके बाद एक फॉर्म खुलेगा, जिसमें आपको अपना मोबाइल नंबर, IMEI नंबर, मोबाइल का ब्रांड और मॉडल, खोने की तारीख और स्थान, FIR नंबर, और पहचान पत्र जैसी जानकारी भरनी होगी। इसके साथ ही मोबाइल की खरीद की रसीद (इनवॉइस) और FIR की कॉपी जैसे दस्तावेज़ भी अपलोड करने होंगे। सभी जानकारी भरने और दस्तावेज़ अपलोड करने के बाद फॉर्म को सबमिट करें। सबमिट करने के बाद आपको एक Request ID प्राप्त होगी, जिसकी मदद से आप अपने आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं।

## सिकलीगर परिवारों के लिए बने 35 घर आज किए जाएंगे समर्पित

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय संस्था- सरबत भला चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिस्टर्ड ) की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वर्षीय शहादत दिवस को समर्पित शनि ओबेरॉय आवास योजना के तहत गांव जुझार नगर (मोहाली) में सिकलीगर बिरादरी के लिए बनाए जा रहे 70 घरों में से पहले ब्लॉक में बन चुके 35 घरों का उद्घाटन किए जाने के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष कमलजीत सिंह रूबी ने बताया के इस 35 घरों का उद्घाटन डॉक्टर राज बहादुर- अध्यक्ष एम्स ऋषिकेश, व डायरेक्टर आर.सी. सेंटर मोहाली, डॉक्टर एस.पी सिंह ओबेरॉय मैनेजिंग ट्रस्टी- ट्रस्ट, जस्टिस एम.एम. एस. बेदी -रिटायर्ड पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा किया जाएगा, कमलजीत सिंह रूबी ने बताया कि इस मौके पर संस्था के डॉक्टर आर एस अटवाल- डायरेक्टर , तीरथ सिंह गुलाटी, श्रीमती कुलदीप कौर -उपाध्यक्ष मोहाली इकाई ,प्रोफेसर तेजिंदर सिंह बराड़ सचिव मोहाली इकाई, समेत गणमान्य व्यक्ति वह गांव जुझार नगर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

# एक्साइज एक्ट केस में आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिसकर्मी। -समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली

एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशों के तहत जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मोहाली पुलिस ने एक्साइज एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए बनाए गए PO स्टाफ को लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एसपी (इन्वेस्टिगेशन) सौरव जिंदल और डीएसपी (स्पेशल क्राइम) नवीनपाल सिंह लेहल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगत सिंह पुत्र निर्मल सिंह और खुशप्रीत सिंह पुत्र काका सिंह, निवासी गांव चोलता खुर्द, थाना सदर खरड़ को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी दूसरे राज्यों से इंडिगो कार में शराब लाकर कुराली क्षेत्र में बेचते थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 72,000 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब (ब्रांड चंडीगढ़) भी बरामद की।

दोनों आरोपी इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। PO स्टाफ इंचार्ज थानेदार बलविंदर सिंह की टीम ने 21.11.25 को दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने कहा है कि फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सागर सिंगला सुसाइड केसः 2 को पकड़ा, अब तक 3 काबू


सुसाइड केस के आरोपियों के साथ पुलिसकर्मी। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला के रायपुर रानी क्षेत्र में हुए सागर सिंगला सुसाइड मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर रानी थाना टीम ने दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जॉनी पुत्र श्यामलाल और परविंद्र पुत्र मोहन सिंह निवासी रायपुर रानी, पंचकूला के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे लेकिन एएसआई धनीराम ने गुप्त सूचना के आधार पर 21 नवंबर को दोनों को अलग-अलग ठिकानो से गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने आरोपी शिव कुमार उर्फ काकू निवासी रायपुर रानी को 13 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

घटना 4 नवंबर की है, जब युवक सागर सिंगला ने आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में कुछ व्यक्तियों पर गंभीर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इस मामले में पंचकूला पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया था कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जिसके तहत लगातार पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही थी। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल आखिरी आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी ने यह भी बताया कि पुलिस इस पूरे प्रकरण की हर पहलू से विस्तृत जांच कर रही है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और आरोपियो के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मोहाली से रवाना हुआ विशाल नगर कीर्तन, संगत ने की अरदास के बाद अगली यात्रा शुरू

# शहादत वर्षगांठ पर नगर कीर्तन श्री आनंदपुर साहिब के लिए रवाना

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़


नगर कीर्तन का स्वागत करते श्रद्धालु। -समर न्यूज़

पंजाब सरकार द्वारा पहली बार श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी और भाई दयाल जी की 350वीं शहीदी बरसी को समर्पित राज्यस्तरीय समागम बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में शामिल होने के लिए देश-विदेश से संगतें श्री आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर पहुंच रही हैं। तलवंडी साबो से रवाना हुआ विशाल नगर कीर्तन बनूर होते हुए मोहाली पहुंचा, जहां गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में ठहरा। इस अवसर पर मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह और लोकसभा सदस्य मलविंदर सिंह कंग उपस्थित रहे। नगर कीर्तन का श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया और विशेष रूप से उसे गार्ड ऑफ ऑनर भी भेंट किया गया। इसके बाद नगर कीर्तन रोपड़ के रास्ते श्री आनंदपुर साहिब के लिए रवाना हो गया। शहीदी समागमों की श्रृंखला में 23 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ, श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन और सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें विभिन्न दार्शनिक गुरु साहिब और चारों शहीदों की कुर्बानी पर विचार रखेंगे।

24 नवंबर को कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब तक शीश भेंट नगर कीर्तन निकाला जाएगा और श्री आनंदपुर साहिब में हेरिटेज वॉक के साथ पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र भी आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा महत्वपूर्ण घोषणाएं किए जाने की संभावना है। 25 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत राज्यव्यापी रक्तदान अभियान और 3.50 लाख पौधे लगाने के मिशन की शुरुआत होगी। तलवंडी साबो से मोहाली पहुंचा नगर कीर्तन पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ श्री आनंदपुर साहिब के लिए रवाना कर दिया गया।तलवंडी साबो से रवाना होकर मोहाली पहुँचा श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ को समर्पित विशाल नगर कीर्तन शनिवार सुबह अरदास के बाद अगली मंज़िल श्री आनंदपुर साहिब की ओर रवाना हो गया।

# अमन अरोड़ा ने माई भागो प्रेपरेटरी इंस्टीट्यूट में एनडीए कैडेटों के लिए अत्याधुनिक हॉस्टल का उद्घाटन किया

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



हॉस्टल का उद्घाटन करते हुए अमन अरोड़ा। -समर न्यूज़

पंजाब की युवा लड़कियों को भारतीय सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने के योग्य बनाते हुए उन्हें अधिक से अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रेपरेटरी इंस्टीट्यूट फ़ॉर गर्ल्स, एसएएस नगर (मोहाली) में एनडीए प्रेपरेटरी विंग के लिए समर्पित एक आवासीय ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस सुविधा का नाम भारतीय सेना के पहले फ़ील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नाम पर रखा गया है, जिनका जन्म अमृतसर में हुआ था। यह मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पंजाब के युवाओं, विशेषकर लड़कियों को देश सेवा के लिए सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि 2.46 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया यह अत्याधुनिक हॉस्टल व्यापक आवासीय और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस है, जिनमें साइबर लैब, इंडोर शूटिंग रेंज और उच्च स्तरीय फिटनेस सुविधाएँ शामिल हैं। यह लगभग 40 महिला कैडेटों के लिए, जो एनडीए की तैयारी कर रही हैं, एक अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। यह सुविधा कैडेटों को एक सहयोगपूर्ण और आदर्श माहौल मुहैया कराते हुए उन्हें भविष्य के कमीशंड अधिकारियों के रूप में तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# कल्याणी प्रियदर्शन ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग



**मुंबई**। तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लोका' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे 'माया', 'मानगरम', 'मॉन्स्टर', 'तानक्करन', 'इरुगापत्रु' और 'ब्लैक' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी। कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और 'नान महान अल्ला' फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।

# आरती छाबड़िया

## तीन साल की उम्र में विज्ञापन, 17 में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड और 19 में बॉलीवुड डेब्यू



**मुंबई**। बॉलीवुड में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो हमेशा के लिए लोगों के दिलों में बस जाते हैं। अभिनेत्री आरती छाबड़िया भी उन्हीं में से एक हैं। उनके चेहरे की मासूमियत और दमदार अदाकारी ने उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान दिलाई। उनका फिल्मी सफर अलग था।

उन्होंने न सिर्फ फिल्मों में, बल्कि म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में भी अपनी अलग पहचान बनाई। आरती के करियर की एक खास बात यह थी कि वह बड़े-बड़े सिंगिंग स्टार्स के म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं, जिनमें सुखविंदर सिंह, अदनान सामी और हैरी आनंद जैसे नाम शामिल हैं। आरती का जन्म 21 नवंबर 1982 को मुंबई में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव अभिनय की ओर था। उन्होंने महज तीन साल की उम्र में विज्ञापनों में काम करना शुरू कर दिया। उनका पहला ऐड शिशु फॉर्मूला पाउडर के लिए था।

इस ऐड के बाद उनकी पहचान तेजी से बढ़ने लगी और धीरे-धीरे वे बड़े ब्रांड्स के विज्ञापनों में नजर आने लगीं। मैगी से लेकर अमूल जैसे ब्रांड्स के टीवी कमर्शियल में वह दिखाई देने लगीं। आरती ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की, लेकिन 1999 में उन्होंने मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीता। इस खिताब के साथ उन्होंने मिस फोटोजेनिक और मिस ब्यूटीफुल फेस जैसे अवॉर्ड भी जीते। इसके बाद उनके सामने म्यूजिक वीडियो और फिल्मों का नया रास्ता खुल गया।

म्यूजिक वीडियो में उन्होंने अपनी अदाओं का जादू दिखाया और उस समय के बड़े सिंगिंग स्टार्स के साथ काम किया। सुखविंदर सिंह के एल्बम 'नशा ही नशा', अदनान सामी के 'रूठे हुए हो क्यों', और हैरी आनंद के 'चाहत' जैसे म्यूजिक वीडियो में वह नजर आई और विज्ञापन और मॉडलिंग से अलग अपनी पहचान बनाई।

बॉलीवुड में उनका डेब्यू 2001 में फिल्म 'लज्जा' से हुआ।

इसमें भले ही उन्हें लीड रोल नहीं मिला, लेकिन उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने 'तुमसे अच्छा कौन है' फिल्म की लीड भूमिका निभाई, जो हिट साबित हुई और आरती को बॉलीवुड में नई पहचान मिली।

इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 'आवारा पागल दीवाना', 'शादी नंबर 1', 'राजा भैया', 'तीसरी आंख', 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों', 'शूटआउट एट लोखंडवाला', 'हे बेबी', 'मिलेंगे मिलेंगे', और 'डैडी कूल' जैसी कई फिल्मों में काम किया। इसके अलावा, वह साउथ इंडस्ट्री की कई फिल्मों में भी नजर आईं, जिनमें 'संथा', 'चिंताकयाला रवि', 'गोपी-गोदा मीडा पल्ली', और 'ओकारिकी ओकारू' आदि फिल्में हैं।

2011 में उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 4' में हिस्सा लिया और विजेता बनीं। इसके बाद वह 'झलक दिखला जा 6' में भी नजर आईं।

लेकिन 2017 के बाद आरती ने फिल्मों और टीवी से दूरी बना ली। आरती ने 2019 में चार्टर्ड अकाउंटेंट विशारद बीडासी से शादी की। वह फैंस से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं।

### महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड

# ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत

**कोलंबो**। भारत ने शनिवार को पी. सारा ओवल में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से मात देकर महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की जीत में बसंती हंसदा ने अहम भूमिका निभाई, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 37 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से चानाकन बुआखाओ ने जूली न्यूमैन के साथ टीम को संभाला। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 109 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बी2 बैटर जूली न्यूमैन ने 25 रन बनाए, जबकि बी3 प्लेयर्स चानाकन बुआखाओ ने 34 और कोर्टनी लुईस ने 14 रन बनाकर



स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, जिसमें 20 एक्स्ट्रा रन भी शामिल थे। भारत की तरफ से बी2 सिमरनजीत कौर, बी1 जमुना रानी और बी1 अनु कुमारी ने 1-1 विकेट हासिल किया। इसके जवाब में बी3 गंगा कदम ने तेजी से रन जुटाते हुए भारत को शानदार लय दिलाई। उन्होंने बी2 बसंती हंसदा के साथ 11 ओवरों में 93 रन बनाए। बसंती हंसदा 39 गेंदों में 3 चौकों के साथ 45 रन बनाकर रन आउट हुईं। यहां से बी1 स्ट्राइकर करुणा ने सिर्फ 5 गेंदों में 16 रन बनाकर मैच खत्म किया। भारत ने 11.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारत की ओर से गंगा कदम 31 गेंदों में 3 चौकों के साथ 41 रन बनाकर नाबाद रहीं।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बी3 कोर्टनी लुईस और बी3 एडेलिन रो ने 4-4 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इनके अलावा, चानाकन बुआखाओ ने 3.5 ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अब नेपाल और पाकिस्तान के बीच दूसरा सेमीफाइनल तय करेगा कि भारत रविवार को ऐतिहासिक फाइनल में किस टीम से भिड़ेगा।

# एंजेलि ऑस्ट्रेलियन ओपन : चाउ टिएन चेन को हराकर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

**सिडनी**। ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के रोमांचक सेमीफाइनल में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने चीनी-ताइपे के चाउ टिएन चेन को 17-21, 24-22, 21-16 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला 1 घंटे 26 मिनट तक चला। लक्ष्य सेन इस सीजन के अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। लक्ष्य सेन मुकाबले की शुरुआत में दबाव में नजर आए। चेन ने 4-0 की शुरुआती बढ़त बना ली थी। ब्रेक तक चेन के पास 11-6 की लीड थी। भारतीय खिलाड़ी ने इस अंतर को कम करने की कोशिश की, लेकिन चेन ने 21-17 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआत से कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन सेन ने मुश्किल



हालात में अपनी काबिलियत दिखाते हुए 24-22 से दूसरा गेम अपने नाम कर लिया। आखिरी गेम में सेन ने जल्द ही कंट्रोल बना लिया। सेन मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। उन्होंने इस बढ़त को 14-7 तक पहुंचाया। चेन की एक सर्विस फॉल्ट ने अंतर को 17-9 कर दिया। इसके बाद फिर एक तेज क्रॉस-कोर्ट स्मैश ने सेन को आठ मैच प्वाइंट दिए। हालांकि, चेन उनमें से चार प्वाइंट बचाने में कामयाब रहे। सेन ने मुकाबले का अंतिम गेम 21-16 से अपने नाम किया।

शुक्रवार को सेमीफाइनल में आयुष शेट्टी को मात देने के बाद सेन टूर्नामेंट में इकलौती भारतीय उम्मीद हैं। सेन ने अपने पिछले मुकाबले में शेट्टी के साथ 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की थी। सिडनी ओलंपिक पार्क में सेन ने पहले गेम में 13-10 की बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद शेट्टी ने वापसी करते हुए 21-21 की बराबरी की, लेकिन अंततः लक्ष्य सेन ने 23-21 से गेम अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में सेन ने 6-1 से बढ़त बनाई और इसे 15-7 तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी वापसी नहीं कर सके और सेन ने दूसरे गेम 21-11 से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई ली।

# साई सुदर्शन की जगह सुंदर को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला गलत था: अजिंक्य रहाणे

**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में दूसरा मैच खेलने उतरेगी। कोलकाता टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम के लिए गुवाहाटी टेस्ट सीरीज बराबर करने के लिए जीतना जरूरी है। शुभमन गिल के रूप में पहले ही बड़ा झटका लग चुका है। ऐसे में उनके बिना गुवाहाटी टेस्ट जीतना एक बड़ी चुनौती होगी। पहले टेस्ट में साई सुदर्शन को ड्रॉप करते हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए वाशिंगटन सुंदर को भेजा गया था। दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने टीम मैनेजमेंट के इस फैसले को गलत माना है। आर अश्विन के



यूट्यूब चैनल पर रहाणे ने कहा, "टेस्ट क्रिकेट में अगर बल्लेबाजी क्रम निश्चित नहीं है, तो बल्लेबाजी मुश्किल होती है। आप नंबर तीन पर खेलते हैं और फिर अचानक अगले मैच में बाहर हो जाते हैं। नंबर छह पर बैटिंग करने वाला खिलाड़ी, नंबर तीन पर आ जाता है। जिन लोगों ने नंबर तीन और नंबर चार पर अच्छा किया है, वे लंबे समय से उस क्रम पर खेले हैं। साई सुदर्शन ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ नंबर तीन पर अच्छा किया था। सुंदर भी अच्छी बल्लेबाजी करता है, लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी उसे थोड़ी असहज करने वाली है। मेरे मुताबिक अब भी वह बॉलिंग ऑलराउंडर है।" उन्होंने कहा, "जो भी नंबर तीन पर खेल रहा है, चाहे वह वाशी हो या साई, उस जगह पर उसे लगातार मौका मिलना चाहिए।

# एशेजः 2 दिनों में खत्म हुआ पर्थ टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता

**पर्थ**। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पर्थ स्टेडियम में खेले गए एशेज सीरीज 2025-26 के पहले मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ मेजबान टीम ने 5 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली। यह मैच सिर्फ दो ही दिन चला।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। यह टीम 32.5 ओवरों में सिर्फ 172 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से इस पारी में हैरी ब्रूक ने सर्वाधिक 52 रन बनाए, जबकि ओली पोप ने 46 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की तरफ से मिचेल स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रेंडन डोगेट ने



2 विकेट निकाले। 1 विकेट कैमरून ग्रीन के नाम रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम सिर्फ 132 रन पर सिमट गई। इस पारी में एलेक्स कैरी ने 26 रन की पारी खेली, जबकि कैमरून ग्रीन ने 24 रन टीम के खाते में जोड़े। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 6 ओवरों में 23 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रायडन कार्स ने 3 सफलताएं हासिल कीं। इंग्लैंड ने पहली पारी के आधार पर 40 रन की बढ़त बना कर ली थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य दिया।

इंग्लैंड की दूसरी पारी में गस एटकिंसन ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, जबकि ओली पोप ने 33 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, बेन डकेट ने 28 रन की पारी खेली।

मिचेल स्टार्क और ब्रेंडन डोगेट ने इस पारी में 3-3 विकेट निकाले, जबकि स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट हासिल किए। सिर्फ 5 सेशन में 30 विकेट गिर चुके थे। यहां से लगा कि ऑस्ट्रेलिया के लिए 205 रन तक पहुंचना आसान नहीं होगा, लेकिन सलामी जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए जीत की नींव रखी।

ट्रेविस हेड ने जैक वेदरलैंड के साथ 11.3 ओवरों में 75 रन जुटाए। वेदरलैंड 34 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मार्नस लाबुशेन ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। हेड 83 गेंदों में 4 छक्कों और 16 चौकों के साथ 123 रन बनाकर आउट हुए, जबकि लाबुशेन ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

# भवनीत कौर के पति सिम्मू बोले, यह वार्ड नहीं हमारा परिवार है...

# लोग बोले- छुट्टी हो या आधी रात पार्षद पहली रिंग पर हमारा फोन उठाते हैं

**मेरा वार्ड मेरा परिवार**

मनिंदर सिंह लाडी | लुधियाना
समर न्यूज़




पार्षद भवनीत कौर की तरफ से उनके पति सिम्मू अपने विचार रखते हुए।



निशू धमीजा



अकाशदीप सिंह सोनू



जगदीश लाल जग्गी



गुरचरण सिंह

समर एक्सप्रेस टीम ने मेरा वार्ड मेरा परिवार अभियान के तहत वार्ड-79 में पहुंचकर भाजपा पार्षद भवनीत कौर के पति सिम्मू और स्थानीय निवासियों से वार्ड के विकास कार्यों और समस्या को लेकर बात की। स्थानीय निवासी निशू धतीजा ने बताया कि मोहल्ले में जहां तक सफाई की बात है तो उन्होंने कहा कि सरकारी छुट्टी हो या फिर रविवार हो तब भी नगर निगम के कर्मचारी काम करने के लिए आते हैं। घरों का कूड़ा उठाने के लिए हर रोज आते हैं। यह बात हमें कौंसलर की सबसे अच्छी लगी है। वहीं, जगदीश लाल जग्गी ने कहा कि कौंसलर को रात 12 बजे फोन करते हैं तब भी यह पहली रिंग पर हमारा फोन उठाते हैं और जो कार्य के लिए सरकार ने इसको पार्षद की कुर्सी दी है वह इसके अलावा भी कार्य करते हैं। यदि हमें घरेलु कार्य करने की जरूरत भी होती है तो भी यह हमेशा हाजिर रहते हैं।

गुरचरण सिंह ने कहा कि जैसे बारिश आ जाती हैं और बाकी मोहल्लों में पानी खड़ा हो जाता है। लेकिन इस मोहल्ले में जैसे ही पानी आता है यह खुद बारिश में निगम की गाड़ियों के द्वारा सारा पानी और कीचड़ उठवाकर साफ कर देते हैं। कभी भी इन्होंने अपने आपको कोई अधिकारी नहीं समझा सभी के साथ परिवार की तरह रहते हैं।

वहीं, अकाशदीप सिंह सोनू ने बताया कि हमें कौंसलर तक कोई भी कार्य होता है चाहे वो हमारे घर के रिलेटड हो या फिर समस्या से जुड़ा हुआ हो। इन्होंने कभी कल तक बात जाने ही नहीं दी। हमेशा इलाका निवासियों के साथ खड़े होकर बढ़ चढ़कर हिस्सा डालकर कार्य को किया है। पार्षद भवनीत कौर के पति सिम्मू ने वार्ड से अपने पारिवारिक जुड़ाव और लंबे समय से चली आ रही सेवाभाव की परंपरा को खुलकर साझा किया। सिम्मू ने बताया कि वार्ड 79 उनके परिवार के लिए केवल एक इलाका नहीं, बल्कि एक बड़ा परिवार है। उन्होंने कहा कि उनके पिता जी कई सालों तक इस वार्ड के कौंसलर रहे और लोगों की सेवा करते हुए उन्होंने एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा पिता जी के कामों से प्रभावित होकर ही हम आज भी इसी वार्ड की सेवा को अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य मानते हैं। उनके अनुसार पिता जी के बाद उनकी माता जी ने भी बतौर कौंसलर वार्ड की सेवा जारी रखी। आज उनकी पत्नी भवनीत कौर पार्षद के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं और वे स्वयं उनके साथ मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। सिम्मू का कहना है कि क्षेत्र के लोगों ने उनके परिवार पर भरोसा दिखाकर उन्हें लगातार सेवा का अवसर दिया है और यही विश्वास उन्हें और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने बताया कि वार्ड की हरेक छोटी-बड़ी समस्या को परिवार की तरह समझकर हल करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि हम लोगों के बीच रहते हैं, उनकी जरूरतों और परेशानियों को नजदीक से जानते हैं। यही कारण है कि समय पर काम करवाने और नई योजनाओं को धरातल पर उतारने में आसानी होती है। सिम्मू ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी विकास कार्यों की रफ्तार और तेज होगी ताकि वार्ड 79 हर मामले में मॉडल वार्ड साबित हो सके।

# लुधियाना के सिविल अस्पताल में लगी आग... ब्लड बैंक के पीछे खुले में पड़ा कूड़ा बनी वजह

## • समय रहते टला बड़ा हादसा, हादसे में नहीं हुआ कोई जानी नुकसान

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़





सिविल अस्पताल के कूड़े में आग जलती हुई। -समर न्यूज़

शनिवार सुबह सिविल अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब ब्लड बैंक की बैक साइड से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कर्मचारियों और मरीजों के परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत अस्पताल प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि आग अस्पताल की दीवार के पास खुले में फेंके कूड़े में लगनी शुरू हुई थी। बताया गया कि कूड़े में मौजूद किसी ज्वलनशील पदार्थ या चिंगारी ने हवा के साथ तेजी पकड़ ली, जिससे आग अचानक भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही सिविल अस्पताल का स्टाफ फायर सेफ्टी उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचा और तुरंत आग पर काबू करने की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ ही मिनटों में आग को फैलने से रोक लिया गया। इसके बाद दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और टीम ने बची हुई चिंगारियों को पूरी तरह बुझाकर क्षेत्र को सुरक्षित कर दिया।

एसएमओ डॉ अखिल सरीन ने बताया कि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और ब्लड बैंक को भी किसी तरह की क्षति नहीं पहुंची। उन्होंने अस्पताल परिसर के आसपास कूड़ा फेंकने की लापरवाही को गंभीर खतरा बताते हुए लोगों से अपील की कि संवेदनशील स्थानों पर कचरा न डालें। उन्होंने कहा है कि ब्लड बैंक की बैक साइड की निगरानी और कूड़ा प्रबंधन को सख्त किया जाएगा। साथ ही यहां 'नो डंपिंग ज़ोन' के बोर्ड लगाने की तैयारी भी की जा रही है। समय पर की गई कार्रवाई की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

# फिरोजपुर रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर पर चलते ट्रक में लगी आग, चालक की मौत

## • पचास मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



भीषण आग से जलते ट्रक की फोटो। -समर न्यूज़



मृतक ड्राइवर।

शुक्रवार रात शहर के फिरोजपुर रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर पर उस समय सनसनी फैल गई, जब चलते हुए एक ट्रक में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में ट्रक पूरी तरह लपटों से घिर गया और चालक के बाहर निकलने से पहले ही उसकी मौके पर जलकर मौत हो गई। यह हादसा रात करीब 10 बजे का है। जानकारी के अनुसार संगरूर नंबर वाला ट्रक बस स्टैंड की ओर से मुल्लापुर दाखा की दिशा में जा रहा था। जैसे ही ट्रक भाई वाला चौक के ऊपर पहुंचा, तभी अचानक जोरदार टक्कर जैसी आवाज सुनाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आवाज के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई। ट्रक तेज रफ्तार में था, जिसके कारण चालक के पास केबिन से बाहर निकलने का समय नहीं मिला और वह भीतर ही फंस गया।

आग लगने की सूचना मिलने पर राहगीरों ने तुरंत दमकल विभाग को फोन किया। दमकल कर्मचारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम को 10:22 बजे कॉल प्राप्त हुई। जब फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तो ट्रक पूरी तरह आग की लपटों में घिर चुका था और आग फ्लाईओवर के ऊपर से नीचे सड़क तक दिखाई दे रही थी। टीम ने तुरंत पानी की बौछारों के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब पचास मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद 11:10 बजे आग को पूर्ण रूप से काबू में कर लिया गया। दमकल विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने के बाद ट्रक के केबिन में जली हुई लाश दिखाई दी, जिस पर किसी तरह का पहचान योग्य निशान नहीं बचा था। इससे साफ हो गया कि चालक आग लगते ही बाहर नहीं निकल पाया और अंदर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक को फ्लाईओवर से कुछ समय के लिए डायवर्ट करना पड़ा। सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस भी मौके पर पहुंची। ड्यूटी अफसर मेवा सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान भूषण कुमार के रूप में हुई। वह चार दिन पहले ही गांव से लुधियाना में काम पर वापिस आया था। पुलिस ने घटनास्थल से क्रेन की सहायता से ट्रक को थाने में पुहंचा, जांच शुरू की। पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है कि आग किसी तकनीकी खराबी के कारण लगी या फिर टक्कर ने आग का रूप ले लिया। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। हादसे ने एक बार फिर फ्लाईओवर पर सुरक्षा इंतज़ाम और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की आवश्यकता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लुटेरा गैंग पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी चार वाहन लोहे की दात सहित गिरफ्तार

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने शहर में लूटपाट की वारदातों में शामिल एक सक्रिय गैंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार वाहन और एक लोहे की दात भी बरामद की है। शहर में लगातार सामने आ रहीं चोरी और लूट की घटनाओं के बीच पुलिस की यह कार्रवाई बड़ी सफलता मानी जा रही है। नकारी के अनुसार, 19 नवंबर को थाना सलेम टाबरी की पुलिस टीम जालंधर बाइपास क्षेत्र में लुटेरों की तलाश में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लुधियाना निवासी अंकुश और राहुल कुमार चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए टिब्बा रोड स्थित कबाड़ी मार्केट की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर दो युवकों को रोका गया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। मोटरसाइकिल बंद हो जाने के कारण दोनों को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पकड़ा गया वाहन हीरो स्प्लेंडर था, जिसकी नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस द्वारा जब इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर वाहन की जांच की गई, तो आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी के दौरान अंकुश से लोहे की एक दात भी बरामद की गई। इसी आधार पर थाना सलेम टाबरी में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

सीपी नार्थ के एस भुल्लर ने बताया कि पुलिस रिमांड पर पूछताछ के दौरान आरोपियों ने एक यामाहा बाइक और दो बिना नंबर प्लेट वाली एक्टिवा स्कूटी भी बरामद करवाईं।

## • सैकड़ों नम आंखों ने दी दिवंगत ललिता मित्तल को भावभीनी श्रद्धांजलि

# आत्मिक शांति के लिए रखा गया श्री गरूड़ पुराण पाठ का भोग

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़





शहर की सभी राजनीतिक,धार्मिक,समाजिक,उद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने की शोकग्रस्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त। -समर न्यूज़



ललिता मित्तल।

श्री विश्वनाथ मंदिर सभा के प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम मित्तल की धर्मपत्नी दिवंगत श्रीमती ललिता मित्तल का आकस्मिक निधन 11 नवंबर को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। जिसके बाद 12 नवंबर को जमालपुर स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। इस दौरान उनके तीनो पुत्रों ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी थी। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गये श्री गरूड़ पुराण के पाठ का भोग, रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा जमालपुर की मंदिर मार्ग रोड (मेट्रो रोड) स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में संपन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक, समाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संस्था के प्रतिनिधियों ने दिवंगत श्रीमती ललिता मित्तल को अपनी भावभीनी श्रधांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में आरती के पश्चात स्वर्गीय ललिता मित्तल के तीनो पुत्र अनुज मित्तल, अंकुर मित्तल, अंशुल मित्तल को पंडित जी द्वारा मंत्रोचरन कर पगड़ी बांध कर रस्म पगड़ी की रस्म अदा की गई।दिवंगत ललिता मित्तल शांत स्वभाव, समाजिक, उच्च धार्मिक विचारो वाली सर्वगुणी प्रतिभा से सम्पूर्ण गृहणी थी और उनके उच्च व धार्मिक विचार हमेशा परिवार के लिये प्रेरणादायक रहे। परिवार में उनकी प्रेरणा के कारण आज उनके परिवार की धार्मिक, राजनीतिक, समाजिक व उद्योगिक क्षेत्र में अलग पहचान है। स्वर्गीय ललिता मित्तल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई जिसमें पति पुरुषोत्तम मित्तल, पुत्र अनुज मित्तल, अंकुर मित्तल, अंशुल मित्तल, बहू श्वेता मित्तल, रुचिका मित्तल, रिया मित्तल, पौत्र रियांश मित्तल, तारुष मित्तल, पोती मायशा मित्तल, वेदांशी मित्तल को छोड़ गई है। उनकी श्रद्धांजलि सभा में शहर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक उद्यौगिक संस्थायो के प्रतिनिधियों ने परिवार के साथ शोक व्यक्त कर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। शनिवार को उनकी श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के प्रदेश उप प्रधान जतिंदर मित्तल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन शर्मा, उद्योगपति रजनीश आहुजा, यूपीसीएमए के प्रधान हरसिमरजीत सिंह लक्की, संघ चालक मोहिंदर पाल जैन, समाज सेवक मनोज कुमार झा, जिला उप प्रधान नवल जैन, अमित कनौजिया, प्रदेश उपप्रधान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अविनाश शर्मा, पवन मकोल शैंटी, गुलशन सलूजा, अमित दहुजा, पुष्पेंद्र सिंघल, अजय धवन, लक्ष्मण धवन, राकेश कपूर, पूर्व विधायक बलविंदर सिंह बैंस, पूर्व विधायक संजय तलवाड़, पार्षद अमरजीत सिंह, पार्षद पिंकु शर्मा, पार्षद अनिल भारद्वाज, डी.एन जोशी, पार्षद इन्द्र अग्रवाल शशि भूषण, सुशील कुमार, बाल चंद मित्तल, सष वर्मा, जी पी अग्रवाल, इंदर चंद गर्ग, रमेश मित्तल, अनिल सिंघल, सुरेश मित्तल, तारामनी मित्तल, सुलोचना मित्तल, अंजू मित्तल, गायत्री अग्रवाल, पिंकी सिंघल, निशा बांसल, विमल गर्ग सहित सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से स्वर्गीय ललिता मित्तल को श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये और शोक ग्रस्त परिवार के साथ अपनी स्वेदना व्यक्त की।

# शोक संदेश: विधायक दलजीत सिंह के पिता बलबीर सिंह का निधन

दलजीत विक्की/ लक्की मेहता/ लुधियाना | समर न्यूज़



दिवंगत बलबीर सिंह ग्रेवाल।

पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शनिवार सुबह उनके पिता सरदार बलबीर सिंह ग्रेवाल अचानक तबियत बिगड़ने के कारण उनका निधन हों गया। सूचना मिलते ही ग्रेवाल परिवार सहित पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के अनुसार सरदार बलबीर सिंह ने आज अंतिम सांस ली और प्रभु चरणों में लीन हो गए। सरदार बलबीर सिंह ग्रेवाल का अंतिम संस्कार रविवार 23 नवंबर को सुबह 11 बजे डिवीजन नंबर 3 स्थित गौशाला श्मशान घाट में किया जाएगा। अंतिम विदाई के लिए रिश्तेदारों, परिचितों और शहरवासियों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के पिता के देहांत की खबर फैलते ही शहर के सामाजिक, धार्मिक , राजनीतिक दलों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लगातार बड़ी संख्या में लोग विधायक ग्रेवाल के निवास पर पहुंच कर उनसे और परिजनों से संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और ईश्वर से शोकग्रस्त परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना कर रहे हैं।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 78